हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025



तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 10.4 डिग्री

12 सड़क पर अवैध निर्माण, हटाने लगाई गुहार



13 कंगला मांझी महोत्सव में, दस साधकों को मिला प्रतिष्ठित अगासदिया सम्मान



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन पुलिस ने पुरैना डेम नर्सरी के पास अवैध रूप बेचने की सूचना पर गनियारी पारधी पारा निवासी दशरथ पारधी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में 33 पौवा शोले मसाला जब्त किया गया। उक्त शराब 3300 रूपये की आंकी गई है।

### मकान से जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि दादर रोड चरोदा निवासी शंकर राव पिंपलकर परिवार समेत कार्यक्रम मे रायपुर गया था। इस दौरान अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर नगदी 10 हजार और सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है। वदी दूसरी चोरी नेवई थाना क्षेत्र की है। जहां धनंजय प्रसाद जो बीपी कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी है। बीएसएफ आरक्षक के पद पर राजस्थान में पदस्थ है। मकान से अज्ञात ने ताला तोड़कर जेवरात समेत अन्य सामान पार कर दिया। कुल 45 हजार रुपए का सामान है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने बाइक चालक को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है।धमधा पुलिस ने बताया कि सिघौरी चौकी जालबांधा थाना खैरागढ निवासी मृतक घनाराम वर्मा 7 दिसंबर को धमधा खैरागढ मुख्य मार्ग होते हुए सिघौरी टमाटर बेचने सब्जी मंडी धमधा आया था। टमाटर बेचकर अपनी बाइक सीजी 08 जेड 4636 से वापस घर जा रहा था। इस दौरान धमधा खैरागढ मुख्य मार्ग ग्राम परसकोल तिराहा के पास ट्रक सीजी 04 क्यूए 6964 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए घनाराम को चपेट में लिया। हादसे में घनाराम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

## भिलाईनगर स्टेशन में टाइगर!



भिलाईनगर स्टेशन का मुख्य गेट

**भिलाई।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के रिनोवेशन किया जा रहा है। 90 प्रतिशत के ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इस स्टेशन में आकर्षक टाइगर का स्टैच्यू तैयार किया गया है। टाइगर के ये पुतले पूरी तरह से रियल नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इसके आसपास आकर्षक लाइटिंग भी लगाई गई है, जो टाइगरों के इस कुनबे को और भी खूबसूरत बना रहे हैं। शहर में यह पहला मौका है, जब इस प्रकार का आकर्षक पुतला तैयार किया गया है। प्लास्टिक, कॉटन, फाइबर मटेरियल का इस्तेमाल कर इसे तैयार किया गया है। लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। जल्द ही अमृत भारत योजना के अंतर्गत रिनोवेट किए गए इस स्टेशन का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं। बता दें कि 1957 से स्टेशन अस्तित्व में है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बर्मा के प्रधानमंत्री यूनू और राजीव गांधी भी आ चुके हैं। 1888 में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन की शुरुआत बताई गई है, जो पूरी तरह गलत है। वास्तविकता यह है कि 1888 में राजनांदगांव से रायपुर तक रेलवे लाइन बिछाई जा चुकी थी। 1962 में मैत्री बाग शुरू हुए 10 साल हो चुके थे। 1972 में चिड़ियाघर चालू हुआ। *(फोटो : संजय पांडेय)*

### साक्षरता के नाम पर खानापूर्ति : उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान का दुर्ग जिले में बुरा हाल

# प्रौढ़ शिक्षा का सच... पिछले साल 32 हजार में से 16095 लोग हुए पास, अब तक नहीं बंटे सर्टिफिकेट

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

*नव भारत उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान का दुर्ग जिले में बुरा हाल है। 7 दिसंबर को हुए एग्जाम के बाद जिला शिक्षा विभाग की लापरवाही खुलकर सामने आ गई है। परीक्षा के दौरान जमकर लापरवाही बरती गई। खुलेआम नकल कराया गया। बच्चों के उत्तर लिखवाए गए। यहां तक आंकड़ों में भी गड़बड़ी की गई। हरिभूमि की पड़ताल में यह खुलासा हुआ है।*

हरिभूमि पड़ताल

बता दें कि पिछले साल यानी 2024-25 में हुए एग्जाम को लेकर भी लापरवाही बरती गई। पिछले साल करीब 32 हजार लोगों ने साक्षरता परीक्षा के लिए पंजीयन कराया। शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक 16095 लोग इस परीक्षा में पास भी हो गए, लेकिन उन्हें सर्टिफिकेट अब तक नहीं मिल पाया है। वे लगातार शिक्षा विभाग और संकुल केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। जब हरिभूमि ने इस बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि पिछले दिनों शासन स्तर पर सर्टिफिकेट भेज दिए गए हैं। डीईओ दफ्तर से इसे बीईओ और वहां से संकुल केंद्रों को भेजा गया है। बावजूद वितरण अब तक नहीं हो पाया है। पिछले साल दुर्ग जिले में 17 मार्च 2024 को परीक्षा हुई थी। उल्लास के तहत पिछले वर्ष दुर्ग जिले में आयोजित परीक्षा को एक साल से अधिक हो चुका है, लेकिन कई परीक्षार्थियों को आज तक पास या फेल होने का सर्टिफिकेट नहीं मिला है।



**सर्टिफिकेट बनकर तैयार लेकिन संकुल समन्वयकों के पास खा रहे धूल, नहीं किया गया वितरण**







### सर्टिफिकेट नहीं मिलने से आधे रहे गए परीक्षा के लिए फॉर्म भरने वाले

जानकारी के मुताबिक पिछले साल का सर्टिफिकेट नहीं मिलने से नाराज लोगों ने इस बार परीक्षा में शामिल होने से ही इंकार कर दिया। इस साल परीक्षा के लिए दुर्ग जिले में 16,223 लोगों ने पंजीयन कराया था, लेकिन परीक्षा के दिन सिर्फ 9,582 परीक्षार्थी ही पहुंचे। यानी कुल पंजीकृत लोगों में से सिर्फ 59 फीसदी ने परीक्षा दी। बड़ी संख्या में अनुपस्थिति की एक बड़ी वजह सर्टिफिकेट वितरण में हुई देरी बताई जा रही है। पिछले साल राज्यभर में 19,752 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें दुर्ग जिला भी शामिल था। पूरे प्रदेश में लगभग 2 लाख लोग इस परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन दुर्ग जिले के कई केंद्रों पर आज भी सैकड़ों परीक्षार्थियों को परिणाम का प्रमाणपत्र नहीं मिला है।

### फरीदनगर और कोहका के परीक्षार्थी सर्टिफिकेट से वंचित, किया बहिष्कार

फरीदनगर और कोहका में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत पिछले साल कराई गई बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की महापरीक्षा को लगभग एक साल हो रहा है, लेकिन एक भी परीक्षार्थी को अब तक सर्टिफिकेट नहीं मिला है। इसके लिए परीक्षार्थी बार-बार स्कूलों और नोडल अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन जवाब हर बार वही मिलता है कि सर्टिफिकेट जारी नहीं हुए हैं। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला फरीदनगर में करीब 30 और माध्यमिक शाला कोहका में लगभग 25 परीक्षार्थियों को अब तक कोई सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। सर्टिफिकेट न मिलने से लोगों में गलत संदेश गया और कई लोगों ने पंजीयन के बावजूद परीक्षा में बैठने से मना कर दिया।

### जिला शिक्षा विभाग को कराया गया अवगत

"कोहका में करीब 25 परीक्षार्थियों को अब तक सर्टिफिकेट नहीं मिला है। वहीं फरीदनगर से नीभा गुप्ता ने अनुसार 30 लोग सर्टिफिकेट से वंचित हैं। इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दे दी गई है।

**-सीमा शर्मा,** नोडल अधिकारी कोहका

# जिले में एक और हत्या... महिला को मौत के घाट उतारने के बाद शव को जलाया, पहचान अब तक नहीं हुई



**उतई थाना अंतर्गत ग्राम पुरई मैदान की घटना, फॉरेंन्सिक टीम जुटी जांच में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में हत्या जैसी आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को उतई थाना अंतर्गत ग्राम पुरई मैदान में 25 से 30 वर्ष की एक महिला की जली हुई लाश मिली है। महिला को पहले मौत के घाट उतारा गया, उसके बाद उसे जला दिया गया। महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

बता दें कि साल की यह 50वीं हत्या की घटना है। इस प्रकार दुर्ग जिला हत्या के मामलों में रेड जोन बनता जा रहा है। इधर महिला की हत्या कर सुराग छिपाने के लिए शव को जला देने का मामला सामने आया है।घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच शुरु कर दिया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम पुराई खेल मैदान के पास नहर के नीचे में 25-30 वर्ष की अज्ञात महिला की लाश मिली है। महिला की हत्या कर पैरा डालकर आग लगाया गया है। महिला का चप्पल, हेयर क्लेचर, लोहे का चापड़ समेत अन्य सामान पुलिस ने जब्त किया है। महिला की हाइट 5 फीट की है। महिला के चेहरा बुरी तरह जल जाने से उसका शिनाख्त तक पुलिस नहीं कर पा रही है। मृतका कौन और कहां की निवासी है इसका पता नहीं चल पाया है।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान लोगों ने देखा शव

सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पुरई गांव से निकल रहे थे। तभी नहर के पास मैदान में एक जली महिला की लाश मिलने की सूचना उतई पुलिस को दी गई। मौके पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, टीआई महेश ध्रुव, फॉरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्काट की टीम भी पहुंची थी। मौके का बारिकी से मुआयना किया, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटनास्थल से मिले शव को देख अवैध संबंध को लेकर भी हत्या किए जाने का संदेह है। फिलहाल पुलिस हर एंगल को बारिकी से जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक महिला के शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### लापता की जानकारी जुटाई जा रही

उतई थाना क्षेत्र समेत आसपास के इलाकों से लापता हुई महिलाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी जला शव का फोटो भी वायरल कर शिनाख्त का भी प्रयास किया जा रहा है। महिला का चेहरा आरोपी ने इतना जला दिया है कि शिनाख्त करने में पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में लगे सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। आरोपी ने महिला को कहां से लेकर आया है इसे लेकर फुटेज चेक किया जा रहा है।

### महिला की पहचान के प्रयास हो रहे

शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। हर एंगल को बारिकी से चेक किया जा रहा है। तीन अलग-अलग टीमे खोजबीन के लिए बनाई गई है।मौके से कई सारे सामान भी पुलिस को मिले है। जांच किया जा रहा है।

**-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

# ठंड से थोड़ी राहत, पारा 10.4 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में ठंड से दस्तक दे दी है। पारा पिछले तीन दिनों से 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सोमवार को भी रात का पारा 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 3.3 डिग्री कम था।

वहीं दिन का पारा 28.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में हल्के बादल छाए रहेंगे, इससे तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से ठंड बढ़ गई है। सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर में रात का तापमान गिरकर 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। इसके अलावा चिल्फी और रेंखाखार जैसी जगहों पर भी तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। उत्तर-पूर्व से आ रही हवाओं के असर से लगातार ठंड में गिरावट आ रही है। इस बीच सोमवार को तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में ठंड से राहत नहीं है। बादल छाने की स्थिति में तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी आएगी। इसके बाद मौसम खुलते ही एक बार फिर ठंड बढ़ेगी। अगले 48 घंटों में दुर्ग सहित पूरे राज्य में औसत तापमान में 1-3 डिग्री और गिरावट आने की उम्मीद है।

पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे ज़्यादा तापमान दुर्ग में 30.2 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 4.05 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। 15 दिसंबर के बाद ठंड और बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

# 70 सरकारी स्कूलों को सीएसआर मद से बनाया जाएगा स्मार्ट क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में जल्द ही सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 70 स्कूलों का चयन किया गया है। जिनमें से 21 स्कूलों को पहले चरण में स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू होनाा है। इसके अंतर्गत स्कूलों का रंगरोगन किया जाएगा। एआई आधारित उपकरण लगाए जाएंगे। इंटरनेट से लेकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्कूल को प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक सीएसआर मद से इसके लिए फंड के इंतजाम किए जा रहे हैं। मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि दुर्ग को आईटी हब बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। आईआईटी भिलाई और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच आईटी पार्क स्थापना के लिए एमओयू साइन किया जा चुका है। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आत्मानंद स्कूलों के साथ स्मार्ट स्कूल कॉन्सेप्ट पर काम शुरू किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी सरकारी स्कूलों को स्मार्ट बनाए जाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जा रही है। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत इसके लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

- रंगरोगन के साथ एआई आधारित उपकरण लगाए जाएंगे

### मेंटेनेंस के बाद 11 दिसंबर तक समान्य होगी सप्लाई

# जीई रोड से गुजरने वाले राइजिंग पाइप में आया लीकेज, आज और कल पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




शहर में एक बार फिर पेयजल संकट गहरा गया है। 9 और 10 दिसंबर को पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। 11 दिसंबर को भी सुबह के समय कुछ जगहों पर सप्लाई की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि जीई रोड पर मुस्लिम कब्रिस्तान के पास राइजिंग पाइप में लीकेज की वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। निगम के जलकार्य विभाग ने मेंटेनेंस के लिए शटडाउन का निर्णय लिया है। 10 दिसंबर को शटडाउन लेकर मेंटेनेंस किया जाएगा। इस वजह से 10 दिसंबर को 15 हजार से ज्यादा नल कनेक्शनों से पानी नहीं आएगा। पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। भारी रिसाव की वजह से फिल्टर प्लांट तक आवश्यक मात्रा में रॉ-वॉटर की सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप जलप्रदाय व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मुख्य रूप से शंकर नगर, शक्ति नगर, पद्मनाभपुर, हनुमान नगर, गिरधारी नगर पानी टंकी से सप्लाई प्रभावित होगी।

### कल सुबह मिलेगा पानी, शाम को नहीं खुलेंगे नल

अधिकारियों ने बताया कि 10 दिसंबर को सुबह के समय पानी मिलेगा। शाम को पानी नहीं आएगा। नियमित जलप्रदाय के बाद पाइप लाइन को बंद कर रिपेयर कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित टंकियों से जुड़े क्षेत्रों में जलप्रदाय आंशिक रूप से बाधित रहेगा। पाइप लाइन को खोलकर क्षतिग्रस्त भाग की कटिंग, ज्वाइंटिंग तथा कम्प्रेशन फिटिंग का कार्य किया जाएगा। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद लाइन को टेस्टिंग के लिए चालू किया जाएगा, जिसके उपरांत जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।






## खबर संक्षेप



### भागवत कथा का श्रवण किया इंद्रजीत सिंह छोटू ने

भिलाई। दुर्गा समिति टाटा लाइन कोहका द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भगवताचार्य गोपिकेश्वरी के श्रीमुख से हो रही पावन कथा में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू सम्मिलित हुए। उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठकर कथा का रसपान किया। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास को सादर प्रणाम करते हुए सभी नगरवासियों को इस दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, सोम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास के लिए 47.79 लाख स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 47.79 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम सांतरा में मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय शेड निर्माण के लिए 4.79 लाख रूपए, ग्राम डिडगा के वार्ड न. 10 में तथा जामगांव एम सतनाम भवन से मुख्य मार्ग की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60-2.60 लाख रूपए तथा ग्राम सोनपुर में चिंता साहू के घर से सनत कुम्भकार के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 7.80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# तालाब ने बना दिया आत्मनिर्भर, ढेस का उत्पादन कर हर महीने कमा रहा 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महात्मा गांधी नरेगा योजना ने एक बार फिर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत महमरा में मनरेगा के तहत निर्मित निजी तालाब ने किसान मूलचंद निषाद और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया है।

लगभग 6 किमी दूर स्थित इस गांव में रहने वाला 4 सदस्यीय परिवार पहले केवल द्विफसलीय खेती पर निर्भर था, जिससे आय सीमित थी और जीवनयापन चुनौतीपूर्ण बना रहता था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। मनरेगा से बने इस तालाब ने मूलचंद निषाद के जीवन में नई रोशनी लेकर आयी। तालाब को उन्होंने दो हिस्सों में विकसित किया। पहले हिस्से में मछली पालन और दूसरे हिस्से में ढेस कांदा उत्पादन। इतना ही नहीं तालाब की मेड़ पर उन्होंने मौसमी सब्जियों की खेती भी शुरू की, जिससे नियमित आय का स्रोत बन गया है।

## ग्रामीण किसान की बदल गई किस्मत, आय में बढ़ोत्तरी, दूसरों को भी दे रहा रोजगार

### वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी, अब दूसरे के यहां काम करने की जरुरत नहीं

सब्जी उत्पादन से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार से 15 हजार की आय हो रही है। मछली पालन ने उनकी वार्षिक आय में और अधिक इजाफा करते हुए हर वर्ष लगभग ढेड लाख तक की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार द्वारा किए जा रहे मुर्गी पालन से भी अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। एक किसान के लिए यह आय उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है।



### बारिश के जल को संरक्षित कर मौसमी सब्जियां भी उगा रहा

मूलचंद निषाद ने बारिश का पानी सीधे तालाब में संग्रहित कर खेतों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया। अब वह टमाटर, मिर्च, धनिया और अन्य सब्जियों की अतिरिक्त फसल लेकर बाजार में बेच पा रहे हैं। इस निर्माण कार्य से मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को भी अच्छा रोजगार मिला। आज यह डबरी न सिर्फ जल संरक्षण का साधन है, बल्कि ग्रामीण परिवार की आजीविका का माध्यम भी है।

## वार्ड-16 : अवैध खटाल और आवारा मवेशियों से हालात बेकाबू

# सुपेला में आवारा मवेशी, गंदगी से अटे तालाब और कचरे से लोग हो रहे परेशान

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड 16 सुपेला के लोग आवारा मवेशियों, तालाब की गंदगी और अवैध खटालों से परेशान हैं। सड़कें दिन भर मवेशियों से घिरी रहती हैं और तालाब के आसपास कचरे का अंबार लगा है। कई शिकायतों के बाद भी हालात नहीं बदले। लोगों की शिकायत की है कि कई बार जनप्रतिनिधी से आवारा मवेशी और अवैध खटाल की शिकायत की गई है लेकिन परेशानी अब भी बनी हुई है।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 16 सुपेला के लोग आवारा मवेशियों, तालाब की बदहाल स्थिति और बढ़ती गंदगी से रोज जूझ रहे हैं। सड़क पर दिन भर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। तालाब की हालत भी अच्छी नहीं है। चारों तरफ कचरा जमा है और रावणभाठा के मुख्य द्वार के पास घरों से निकलने वाला कचरा अस्थायी तौर पर वहीं फेंका जा रहा है। तालाब के सामने भी यही हाल है। साफ सफाई की व्यवस्था भी कमजोर है। कुछ जगह तो इतना कचरा जमा है कि सड़क और कचरा घर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है।

## सड़क से गुजरते बच्चों और मरीजों की राह में भी बाधा







### शीतला तालाब बना असामाजिक गतिविधियों का अड्डा

इंदिरा नगर और शंकर पारा के बीच स्थित शीतला तालाब अब नशे की आदतों और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। पहले शाम को अंधेरा होते ही शराब पीने और गांजा सेवन करने वालों की भीड़ लगती थी, लेकिन अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि सुबह से ही गांजा, शराब सहित अन्य नशा करने वालों की लाईन लगी रहती है। करीब दो साल पहले यहां एक लड़की की हत्या हो चुकी है। उसके बाद से चाकूबाजी, छिनतई और छोटे अपराध रोज की बात बन गए हैं। तालाब के आसपास से गुजरने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। तालाब के सामने वाला सड़क लक्ष्मी मार्केट की ओर जाता है। इसलिए लोगों का आना जाना लगा रहता है। शाम के समय कई लोग लूट का शिकार बन चुके हैं। लोगों ने पुलिस से नियमित गश्त की मांग की है ताकि तालाब क्षेत्र सुरक्षित बने।

### सड़क पर पूरे दिन मवेशियों का कब्जा

दूसरी बड़ी समस्या अवैध खटाल है। वार्ड 16 सुपेला में अवैध खटाल और आवारा मवेशियों की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। तालाब किनारे सड़क पर मवेशियों को बांधकर रखा जाता है। इससे सड़क संकरी हो जाती है और लोग आसानी से निकल भी नहीं पाते। दूध निकालने के बाद कई पालक मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जो रावणभाठा और तालाब इलाके में दिन भर डेरा जमाए रहते हैं। रावणभाठा के सामने वाली सड़क पर दिन भर आवाजाही रहती है। कई स्कूल और अस्पताल पास होने की वजह से स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस अक्सर मवेशियों की भीड़ में फंस जाते हैं। कई बार सांडों की लड़ाई भी बेकाबू हो जाती है। लड़ते हुए सांड दुकानों तक पहुंच जाते हैं, जिससे दुकानदारों का सामान टूटता है और नुकसान होता है। नागरिकों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कार्रवाई सिर्फ जुर्माना वसूलने तक सीमित रहती है। कुछ समय बाद हालात फिर उसी जगह लौट आते हैं। लोगों की मांग है कि नगर निगम इस समस्या को सिर्फ जुर्माने तक न रखे, बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए।

# सड़क पर अवैध निर्माण हटाने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान के लिए आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 130 आवेदन प्राप्त हुए। आज सबसे अधिक अतिक्रमण के आवेदन आये।

- जनदर्शन में मिले 130 आवेदन

चरोदा निवासियों ने चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना, सेक्टर 4 में शासकीय सड़क पर अवैध निर्माण करने की शिकायत की। स्थानीय निवासियों ने बताया लगभग 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क पर करीब 6 फीट हिस्सा कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा घर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क पर कब्जा कर डीपीसी लेवल तक निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम चरोदा को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

### सड़क पर जलभराव की शिकायत

सुंदर नगर बोरसी निवासी ने सड़क पर जलभराव की शिकायत की। उन्होंने बताया कि दुर्ग के सुंदर नगर, बोरसी में नाली कनेक्शन न होने से सड़क पर लगातार जलभराव और बदबू की स्थिति बन गई है। घर के सामने बिल्डर ने दो मंजिला भवन बनाकर नाली को मुख्य नाली से नहीं जोड़ा, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और मच्छरों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### गंदगी और बदबू से परेशान हैं लोग

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 27 वार्डवासियों ने अतिक्रमण की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 27 मैत्री नगर के निवासी, वर्षों से पार्क की आरक्षित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान हैं। फेस 1 में पार्क के लिए निर्धारित भूमि पर सब्जी दुकान, खटाल और अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है तथा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फेस 1 की पार्क भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर वहां पार्क विकसित करने आवेदन दिया।

# फर्जी नियुक्ति पत्र रोकने कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में दर्ज कराई जाएगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम, दुर्ग के संज्ञान में यह मामला आया है कि यशवंत यादव, सहायक ग्रेड-03 के नाम से एक कथित नियुक्ति पत्र विभिन्न माध्यमों में प्रसारित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया है कि नियुक्ति पत्र पूर्णतः फर्जी, भ्रामक और अवैध है। निगम ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, न ही उक्त व्यक्ति की किसी प्रकार की पदस्थापना नपानि दुर्ग में की गई है। प्रस्तुत पत्र में शासन के आदेश क्रमांक, तिथि एवं शर्तों का जिस प्रकार उल्लेख किया गया है, वह शासन के अधिकृत प्रारूप से मेल नहीं खाता तथा दस्तावेज़ की सत्यता संशयास्पद पाई गई है।

निगम प्रशासन ने बताया कि फर्जी पत्र में एक वर्ष में कंप्यूटर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, दो वर्ष की परीक्षावधि, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र एवं थाना क्षेत्र से एनओसी प्रस्तुत करने, जैसी शर्तों का उल्लेख किया गया है, परंतु ये सभी



विवरण न तो विधिवत जारी किसी आदेश से संबंधित हैं और न ही निगम के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। निगम प्रबंधन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दस्तावेज़ की सत्यता जाँच हेतु संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी है। आवश्यकता पड़ने पर इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। निगम ने किसी भी नियुक्ति, पदस्थापना अथवा स्थानांतरण आदेश की सत्यता की पुष्टि के लिए केवल निगम की आधिकारिक वेबसाइट, कार्यालय या संबंधित विभाग से ही जानकारी प्राप्त करें। किसी भी भ्रामक दस्तावेज़ पर विश्वास न करें। दुर्ग निगम ने यह भी कहा है कि निगम द्वारा जारी प्रत्येक आदेश पर आधिकारिक लेटरहेड, प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, विभागीय मुहर, जारीकर्ता शाखा का नाम तथा डायरी, डिस्पैच नंबर का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से होता है। फर्जी पत्र में यह आवश्यक औपचारिकताएँ अनुपस्थित पाई गई हैं।

# कुरुद नहर की जमीन और नकटा तालाब से अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने सोमवार को दुर्ग कलेक्टर को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। दोनों ज्ञापनों में भिलाई के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों कुरुद नहर की सरकारी जमीन और नकटा तालाब को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कर विकसित करने की मांग की गई है।

पहले ज्ञापन में उन्होंने एसीसी चौक से कुरुद तक नहर की जमीन पर फैलते जा रहे अतिक्रमण पर चिंता जताई। उनका कहना है कि भिलाई को बेहतर स्मार्ट सिटी की दिशा में ले जाने के लिए नहर के दोनों किनारों पर 15 से 20 फीट चौड़ी भूमि को खाली कराना जरूरी है। उन्होंने मांग रखी कि यहां आधुनिक कैनाल पाथवे बनाया



जाए, जहां इंटरलाकिंग पेवर लगे हों और नागरिकों के लिए ओपन जिम और जॉगिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं तैयार की जाएं। इससे शहरवासियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्थान मिल सकता है।

दूसरे ज्ञापन में उन्होंने पटवारी हल्का कुरुद के नकटा तालाब में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने मांग की कि तालाब का जीपीएस आधारित सीमांकन कराकर सभी अतिक्रमण हटाए जाएं और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल या वायर फेंसिंग लगाई जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान इस दौरान मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर और अविनाश गायकवाड़ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्लाटर हाउस के विरोध में कैंडल मार्च...



भिलाई। नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 7 राधिका नगर के निवासियों द्वारा स्लॉटर हाउस बूचड़खाना को अन्यत्र हटाने कैंडल मार्च निकली गई।

## विधायक चंद्राकर ने निर्माणाधीन रिचार्ज पिट का किया निरीक्षण

# घरों में सोखता निर्माण के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गांवों में पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट सोखता का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कातरो में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से संचालित एक-एक बूंद पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट निरीक्षण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। विधायक चन्द्राकर ने स्कूल परिसर तथा हितग्राहियों के घरों में बनाए गए रिचार्ज पिट सोख्ता का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, प्रभाव और उपयोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- जल संरक्षण के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी

विधायक ललित चंद्राकर ने लोगों से अपने-अपने घरों में सोखता निर्माण करने की अपील की जिससे वर्षा जलों को संरक्षण कर सके और आने वाले दिनों में जल संकट से बच सके। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए जल संचय की दिशा में अभिनव पहल जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे पौध रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, सरपंच जितेन्द्र सोनी, उपसरपंच पुष्पलता साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदु देवांगन एवं प्रवीण यदु, मंडल उपाध्यक्ष विमला कामड़े, उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### खेत का पानी रोकना सबसे बड़ी आवश्यकता

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा घर और खेत का पानी रोकना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल ही जीवन है, इसके उपयोगिता को समझते हुए ठोस कदम उठाने होंगे कम बजट में भी प्रभावी जल संरक्षण संभव है। पहले प्राकृतिक रूप से जल संरक्षण हो जाता था लेकिन बढ़ते समेंटीकरण के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जागरूक और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अनिवार्य रूप से हम सभी को अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाना होगा।

### कॉर्पोरेट क्रिकेट स्पर्धा 22 से

भिलाई। दिवंगत पूर्व विधायक विद्या रतन भसीन की स्मृति में दुर्गा मैदान, शांति नगर में कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 22 दिसंबर से किया गया है। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि हर खिलाड़ी के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य रहेगा। हर मुकाबले में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर के लिए अलग ट्रॉफी रखी गई है। विजेता टीम को 31 हजार रुपये और रनर-अप टीम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट कमेटी की ओर से बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202510104900010/**
विषयः अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026
बेल्हारी प.ह.न. 00055 [80(0.0700हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अब्दुल रफीक,
अनावेदक पक्षकार - पल्टूराम,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम बेल्हारी प.ह.नं. 55 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक खास मुख्त्यार अब्दुल रफीक उम्र करीब 62 वर्ष आ. अब्दुल हमीद जाति मुसलमान, निवासी म.नं. 265 वार्ड नंबर 30, गंज राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) आवेदक/विक्रेता पल्टूराम पिता जगन्नाथ अपने हक, स्वामित्व व अधिपत्य का मौजा ग्राम बेल्हारी प.ह.नं. 39 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.न. 810 रकबा 0.07 हे. को आवेदक क्रेता आभिर अली आ. अब्दुल अजीज से प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि प्राप्त कर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.08.97 के माध्यम से हर हमेशा के लिए आवेदक/ क्रेता को विक्रय कर कब्जा सौप दिया है। आवेदक/ क्रेता उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.08.97 के आधार पर राजस्व अभिलेख सवे आवेदक/विक्रेता का नाम विलोपित कराकर अपना नाम दर्ज कराना चाहता है, जिस पर आवेदक/विक्रेता की पूर्ण सहमति है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के समर्थन में पंजीकृत विक्रय पत्र और अन्य दस्तावेज फेहरिस्त अनुसार प्रस्तुत करता है एवं अन्य दस्तावेज करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। आवेदक की ओर से प्रस्तुत आवेदन पत्र को स्वीकार करते हुए मौजा ग्राम बेल्हारी प.ह.नं. 39 तहसील पाटन, जिला दुर्ग मे स्थित भूमि ख.न. 80 रकबा 0.07 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.08.97 के आधार पर आवेदक/विक्रेता का नाम राजस्व अभिलेखो से विलोपित कर आवेदक/क्रेता का नाम बतौर भूमिस्वामी राजस्व अभिलेख मे दर्ज करते हुए आवेदक के नाम पर ऋण पुस्तिका जारी कर प्रदान करने का आदेश प्रदान करने हेतु आवेदन, शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया के आधार पर प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 17.12.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

Dharmesh Shrivastav
नायब तहसीलदार
जामगांव (R) तह.पाटन, जिला दुर्ग

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

BIG BULL
ECO FRIENDLY
सेल्स | सर्विस | स्पेयर्स
ई- रिक्शा & ई-लोडर
ई- रिक्शा Prize 1.65 लाख
लीथियम बैटरी के साथ
• पुरानी बैटरी लाएं नयी लीथियम बैटरी ले जायें
• ई-लोडर में 1.5 टन की क्षमता
• माइलेज 150 कि.मी.



डीलर : शुभ मार्केटिंग
डीलरशीप के लिए सम्पर्क करें:- भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

# क्रांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा का अनावरण होने के बाद नहीं ली सुध

## 8 दिसंबर 1976 को अण्डा में मध्यप्रदेश सरकार ने कराई थी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आजादी के आन्दोलन में शरीक कुछ नाम अमर हो गए तो कुछ नाम गुमनामी के अंधेरे में खो गए। एक नाम जिसे पूरी दुनिया जानती है सुखदेव। वह सुखदेव थापर थे जो शहीदे आजम भगत सिंह व राजगुरु के साथ फांसी पर झूल गए। उस दौर में एक सुखदेव और थे। भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद के साथी सुखदेव राज। इलाहाबाद अब प्रयागराज के जिस कम्पनी बाग अब चंद्रशेखर आजाद पार्क में चंद्रशेखर आजाद शहीद हुए उस दिन उनके साथ जो शख्स बैठा हुआ था, वह थे सुखदेव राज, जिनकी समाधि स्थल दुर्ग जिले के अण्डा गांव में है। अफसोस की बात है कि इस



महान क्रांतिकारी को वक्त के साथ भुला दिया गया। अंग्रेज पुलिस द्वारा पार्क का घेराबंदी किया गया। घेराबंदी होते ही चंद्रशेखर आजाद ने सुखदेव राज को पार्क से निकल जाने के लिए कहा। सुखदेव राज किसी तरह वहां से बच निकले पर अंग्रेज पुलिस के साथ मुठभेड़ में में चंद्रशेखर आजाद शहीद हो गए। 1963 में वे दुर्ग आ गए। तब वह विनोबा भावे के सेवा भावना से प्रेरित होकर उनसे जुड़े चुके थे। विनोबा भावे के कहने पर वे दुर्ग आए। जहां ग्राम अण्डा में कुष्ठ आश्रम खोलकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते रहे। दस साल उन्होंने ग्राम अण्डा में रहकर लोगों की सेवा की। 1973 में सुखदेव राज का निधन हो गया। ग्राम अण्डा में सुखदेव राज की समाधि बनाई गई। सन 1976 में मध्य प्रदेश सरकार ने सुखदेव राज की सुध ली तब यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। अविभाजित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल के द्वारा 8 दिसम्बर 1976 को ग्राम अण्डा जिला दुर्ग में क्रांतिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। शहीदे आजम भगत सिंह के भाई सरदार कुलतार सिंह राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने आयोजन की अध्यक्षता की। 1976 में क्रान्तिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा का अनावरण होने के पश्चात किसी ने सुखदेव राज की प्रतिमा की सुध नहीं लिए। पहली बार भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग के संभागीय अध्यक्ष बी के वर्मा के नेतृत्व में ग्राम अण्डा में 5 जुलाई 2023 को सुखदेव राज की प्रतिमा में माल्यार्पण कर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तब से लेकर अब ताजे प्रतिवर्ष ग्राम अण्डा में 5 जुलाई को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा क्रांतिवीर सुखदेव राज की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान गुलबीर सिंह भाटिया वरिष्ठ साहित्यकार दुर्ग, बीके वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, बीएल गजपाल संभागीय उपाध्यक्ष, राजेश तिवारी संभागीय महासचिव, बीके शर्मा संगठन सचिव, हेमेंद्र कुमार चंद्राकर, डीपी चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर तेजप्रकाश निर्मल का किया सम्मान

**पाटन।** पाटन ब्लॉक के अरसनारा गांव के जवान तेजप्रकाश निर्मल पिता नेतराम निर्मल द्वारा इंडियन आर्मी अग्निवीर की सकुशल प्रशिक्षण समाप्त कर घर वापसी आने पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व वर्तमान विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू द्वारा ननिहाल निवास स्थान पहुंचकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू ने तेजप्रकाश निर्मल को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि तेजप्रकाश निर्मल की सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणा है और उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेक्टर प्रभारी डॉ. केके साहू, टुकेश निर्मल, योगेन्द्र निर्मल, मानसिंग मंडल उपस्थित रहे।

### निधन

### सरोज शुक्ला

**दुर्ग।** जवाहर नगर निवासी सरोज शुक्ला (मोपका वाले) का निधन



सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम हारना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पति आरपी शुक्ला, पुत्र शरद शुक्ला, पुत्रियां वंदना दुबे, अंजू तिवारी एवं कौमुदी शर्मा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## रानीतराई धान खरीदी केंद्र में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष घेराव में पहुंचे

# धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर हुआ जमकर हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धान खरीदी केंद्र में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को धान बेचने में भारी दिक्कत हो रही है। जिला कांग्रेस के निर्देश में सोमवार को डिंडाभाटा धान खरीदी केंद्र में किसानों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व हंगामे हुई। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने समिति प्रबंधक वर्मा व नायब तहसीलदार को दो दिन में धान खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो पाटन के सभी समितियों में चक्का जाम व उग्र आंदोलन करेंगे।

शांतिपूर्वक किसानों ने जिला कलेक्टर एवं कृषि मंत्री के नाम पर ज्ञापन पाटन नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह को सौंपा गया। वर्ष 2025-26 में धान खरीदी व्यवस्था में गंभीर अनियमितताएं एवं अव्यवस्थाएं पाटन ब्लॉक के अधीनस्थ धान खरीदी केन्द्रों में विभिन्न समस्या सामने आई है। जिसमें ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन वितरण में व्यापक समस्या, किसानों को समय पर टोकन प्राप्त न होने से आर्थिक नुकसान और भीड़भाड़ की स्थिति, धान खरीदी लिमिट में सरलीकरण, धान विक्रय के लिए पंजीयन में परेशानी का निराकरण, केन्द्रों में प्रतिदिन की खरीदी लिमिट को बढ़ाने, तत्काल परिवहन व्यवस्था चालू करने की मांग रखी गई।

विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने अन्नदाता किसानों की परेशानी से दूर सरकार चिरनिद्रा में सोई हुई है। आज छत्तीसगढ़ से सभी किसान हताश, निराश हो गए हैं। इस दौरान राजेश ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महेंद्र वर्मा, उमाकांत चन्द्रकर, विष्णु चन्द्राकर, लुल्ली चक्रधारी, सोहन जोशी, भूपेंद्र बघेल, कपूर साहू, देव कुमार निषाद, रश्मि भेद प्रकाश वर्मा जनपद सदस्य, भविष्य कुमार जैन, यादव राम सेन, भोज रघुवंशी, सत्यनारायण टिकरिहा सरपंच, आनंद बघेल जनपद सदस्य, जानकी चोपड़िया सरपंच, द्रौपदी साहू, कमलेश ठाकुर, निखिल साहू, दुकालू राम निषाद, पालेश्वर ठाकुर, ललित ग्रहण, हरीश ठाकुर, हेमू सोनकर, नारद साहू, महेश्वर टिकरिया, राजेश तिवारी, अंकलहू नेताम, कुबेर वर्मा, मुकेश वर्मा, उदयकरण बिजौरा, राम निषाद, भानूराम वर्मा, डोमन चंद्राकर, डोमन साहू, नारद साहू, राम सिंह आगरे, रामा साहू, विष्णु वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### टोकन का टेंशन : कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा- एक-दो दिन में समस्या दूर नहीं हुई तो करेंगे चक्काजाम

**पाटन।** छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है, धान खरीदी प्रक्रिया को करीब 25 दिन होने को है लेकिन दुर्ग जिले में किसान अब भी टोकन के टेंशन से परेशान हैं। सोमवार सुबह जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के फुंडा सोसायटी पहुंचने के खबर लगते ही किसान सैंकड़ों की संख्या में पहुंचकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर से धान टोकन को लेकर अपनी समस्याएं बताने लगे। किसानों का कहना है कि सबसे बड़ी परेशानी टोकन की है, सुबह से ही केंद्रों में लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं, मगर न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन टोकन मिल पा रहा है, कई किसान बताते हैं कि वे पखवाड़े भर से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिस्टम में टोकन स्लॉट खुल ही नहीं रहा है। उपस्थित किसानों ने सोसायटी द्वारा जारी की जाने वाली 30 प्रतिशत धान का टोकन व्यक्ति विशेष को चिन्हांकित कर दिए जाने का भी आरोप लगाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने तत्काल मौके पर ही कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह से फोन पर चर्चा कर टोकन समस्या से अवगत कराया तथा टोकन लिमिट तत्काल बढ़ाने मांग किया। ठाकुर ने अब तक धान उठाव के संबंध में शासन की निष्क्रियता पर भी चर्चा किया। कलेक्टर दुर्ग ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर को आश्वस्त किया कि धान खरीदी में टोकन की लिमिट जल्द बढ़ाने आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव को भी दिया और कहा कि टोकन का समस्या एक या दो दिन में ठीक नही हुआ, लिमिट नही बढ़ाया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ चक्काजाम करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ठाकुर ने राज्य की भाजपा सरकार के नियत में खोंट बताते हुए धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र बताया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य आनंद बघेल, दिना वर्मा, धनी वर्मा, डुमन वर्मा, विजय चिलक, सुंदर सैन, चेतन बंजारे, राजेश वर्मा, गोपाल ,गोकुल देशलहरा, हरीश ठाकुर, लोचन यादव, पालेश्वर ठाकुर, भोलेश्वर वर्मा, गिरधर साहू, हुल्लेश्वर पटेल, कैलाश साहू, ईश्वर चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## कंगला मांझी महोत्सव में, दस साधकों को मिला प्रतिष्ठित अगासदिया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी छत्तीसगढ़ के सपूत कंगला मांझी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के दस साधकों को विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित किया गया। लोक कलाकार महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, गंगाप्रसाद साहू को लोक मंच में योगदान के लिए क्रमशः मदराजी सम्मान, देवदास बंजारे सम्मान, एवं नारायण चंद्राकर सम्मान से विभूषित किया गया। पूर्व आईएएस जीआर चुरेन्द्र, पूर्व आईएएस एमएस पैकरा को समाज सेवा के लिए कंगला मांझी एवं हिड़मा मांझी सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्यकार दिनेष चैहान, डॉ. शिरोमणी माथुर, महेन्द्र बघेल को साहित्य साधना के लिए डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा सम्मान, शाहिद दुर्वासालाल निषाद सम्मान तथा लतीफ घोंघी सम्मान प्रदान किया गया। बालाघाट के आदिवासी समाज के पत्रकार सतीश राम पारधी को कंगला मांझी जागृति सम्मान से विभूषित किया गया। जिन महापुरूषों की याद में ये सम्मान दिए गए उनके परिवार के लोग भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएल ठाकुर थे। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने धरती और धरती के भीतर के धन तथा वन की रक्षा की इसीलिए आज छत्तीसगढ़ और देशभर में खुशहाली है। हम त्यागी, साहसी वीरों की सन्तान हैं। हमारा आदिवासी समाज दाता समाज है। वह देता है लेता नहीं है। अतिथि बी.एल.ध्रुव ने कहा कि हम स्वाभिमानी आदिवासी हैं। हमें अपने दम पर जीना आता है। संगठित होकर ही हम अपना भविष्य सुधार सकते हैं।

डॉ. परदेशीराम वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मुझे कंगला मांझी समारोह से जुड़ने पर बहुत कुछ सीखने और समझने का अवसर मिला जिसके लिए मैं मांझी परिवार का आभारी हैं।

■ देश के दस प्रदेशों से मांझी सैनिक परेड में हुए शामिल

आदिवासी वीरों के जीवन एवं दर्शन पर काव्यपाठ कर कवियों ने खूब समां बांधा। नव आगमन पत्रिका के मांझी विशेषांक का विमोचन हुआ। जिसमें राजकुमारी कांगे का विशेष आलेख जो कि इतिहास एवं आदिवासी व्यक्तियों पर है। कार्यक्रम का संचालन राजीव ऊइके एवं अशोक आकाश ने किया। समारोह में मांझी सैनिकों का विशेष परेड हुआ जिसका नेतृत्व कंगला मांझी के सुपुत्र कुंभदेव कांगे ने किया। इस अवसर पर संत पवन दीवान सम्मान हेतु चयनित स्वामी चित्रानंद को श्रध्दांजलि दी गई। वे पन्द्रह दिनों पूर्व दिवंगत हो गये। लेखक और चित्रकार दिनेष चौहान ने राजगीत के लेखक डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा का चित्र बनाकर भेंट किया जिसे कुंभदेव कांगे और अगासदिया परिवार डॉ. नरेन्द्र देव परिवार को भेंट करेगा। कार्यक्रम में देशभर के दस प्रान्तों के मांझी सैनिक शामिल हुए जिनमें दो सौ महिला सैनिक भी थे।

बिजनेस साइट

## विधायक ललित ने ली मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी



**भिलाई।** नगपुरा निवासी दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वरी देवांगन के पति मान सुखदेव कुमार देवांगन को बाएं तरफ सीने में गंभीर दर्द हो रहा था और जांच में पता चला कि मेजर हार्ट अटैक तथा किडनी में सुजन है। मरीज़ को तुरंत आईसीयू शिफ्ट किया गया। मरीज की एंजियोग्राफी करने पर पता चला कि मरीज को तीन नसों में ब्लॉकेज है। किडनी की रिपोर्ट ठीक ना होने के वजह से दो दिन तक मरीज को आईसीयू टीम और डॉ. विजय वच्छानी (नेफ्रोलॉजिस्ट) की देखरेख में रखा गया। किडनी की रिपोर्ट कन्ट्रोल में आने के बाद मरीज का डॉ. गौरव जैन (कॉर्डियोलॉजिस्ट) द्वारा एंजियोप्लास्टी की गई। आज शाम तक मरीज़ आईसीयू से वार्ड शिफ्ट किया जाएगा। एक-दो दिन में डिस्चार्ज हो जाएगा। विधायक ललित चंद्राकर ने बीएम शाह हॉस्पिटल पहुंच कर मरीज़ से मिले एवं स्वास्थ्य की जानकारी डॉक्टरों से ली। डॉक्टर टीम की तत्परता और मरीज के देख भाल के लिए अस्पताल की आईसीयू नर्सिंग स्टाफ को धन्यवाद दिए। हॉस्पिटल की मेडिकल व्यवस्था और साफ-सफाई देख कर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जय तिवारी एवं डायरेक्टर (ऑपरेशन) डॉ. अरुण मिश्रा से मिल कर सराहना की एवं बधाई दी और इसी तरह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किए।

## छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति का मनाया स्थापना दिवस



**भिलाई।** सबसे अधिक 102 सदस्य बनाने पर संस्था के प्रत्यायुक्त किशोर कुमार साव को संस्था के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति सेक्टर 1 भिलाई के 49 वे स्थापना दिवस मुख्य कार्यालय सेक्टर 1 में संस्था के अध्यक्ष सियाराम धुव्र एवं समस्त प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा-अर्चना एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संस्था का प्रगति प्रतिवेदन अध्यक्ष सियाराम धुव्र के पाठन किया गया। स्वागत भाषण संस्था के प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य बेदन लाल गेन्ड्रे द्वारा दिया गया। संस्था के सदस्य एवं संस्था के सदस्यों के प्रतिभाशाली बच्चों जो खेल शिक्षा उच्च शिक्षा चिकित्सा/ तकनीकी शिक्षा में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण हुए को संस्था के स्थापना दिवस समारोह में प्रतीक चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से संस्था में 102 सदस्य बनाए जाने पर उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्था के सदस्य किशोर कुमार साव नेहरू पुरस्कार के लिए संजय राऊत छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण मिलने पर पालूराम साहू, राजकुमार, भास्कर चौधरी, मनीष जैन, प्रतिभावान खिलाड़ी एथलेटिक्स राष्ट्रीय स्तर पर शिवकुमार सुरेश कुमार, भागवत राम नेताम, ज्ञान सिंह, फैंसिंग राष्ट्रीय स्तर पर जतिन तारम, राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल गावेश देवांगन, कृष्ण मुर्ती, चित्रकला राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर अभिनव मौर्य, उच्च शिक्षा जेई एडवांस तुषार डड़सेना, सूर्या नेताम, अरविंद साहू, संदर्श साहू, उच्च शिक्षा मेडिकल वंशिका मिश्रा, सौरभ भास्कर, मेनका देव, स्नेह आदिले, आदित्य भुआर्य, विकास भंडारी, मेहूल चंद्राकर, अमिषा गेन्डरे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य शैलेन्द्र कुमार एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रबंधक जगनीक यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य भूपेंद्र कुमार, बेदन लाल गेंड्रे, हेमचंद टिकरिहा, लक्ष्मीनारायण देवांगन, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, प्रतिनिधि एसआर कोसले, प्रत्यायुक्त गण शरद यादव, अक्षय वर्मा, कुलेश्वर कोसरे, रामजीत सिन्हा, पालूराम साहू, किशोर साव आदि उपस्थित थे।

## साफ-सफाई, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य की देखभाल की अलख जगाकर हुआ शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

चंदूलाल चंद्राकर कॉलेज पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मटंग में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नदा गुरुवारा के

■ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया



मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 74 स्वयं सेवकों ने 22 ग्रामीण जनों एवं 4 कार्यक्रम अधिकारियों ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर का उदघाटन 1 दिसंबर को प्राचार्य डॉ नंदा गुरुवारा की अध्यक्षता एवं सरपंच अभित हिरवानी के मुख्य आतिथ्य से शुरु हुआ। शिविर के सातों दिवसों में प्रारंभ प्रभातफेरी, जागरण गीत, नारों के माध्यम से हुआ। तत्श्चात शिविर के प्रथम सत्र में परियोजना कार्य के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम पर बल देते हुए संस्कार स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता की थीम पर ग्राम मटंग के शाला परिसर, गार्डन, मुख्य द्वार, तालाब, मंदिर वका मैच मंत्रिरों आदि सड़कों, मोहल्लों में गहन स्वच्छता कार्य किया गया। मटंग पंचायत के आश्रित ग्राम बोदल में भी जाकर स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई किया। बौद्धिक परिचर्चा में अतिथियों ने व्यक्तित्व विकास, तनाव, समय प्रबंधन,स्त्री रोग, मानसिक स्वास्थ्य कौशल विकास इत्यादि विषयों पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। इस शिविर में नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले एवं प्राचार्य में नंदा गुरुवारा ने सभी स्वयं सेवकों को टी शर्ट, कैप एवं दास्ताने वितरित किया गया। धन्वंतरी आयुर्वेदिक केद्र से पधारे डाक्टर्स की टीम ने मेग्नेटिक रिज़ोलेंस मशीन से स्वास्थ्य परीक्षण किया इसी क्रम में एक दिन का रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।



### जिला साहू संघ दुर्ग के पुनः अध्यक्ष बने नंदलाल

**पाटन।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अंतर्गत जिला साहू संघ दुर्ग के त्रिवार्षिक आम चुनाव संपन्न हुआ। भीखम साहू, नंदलाल साहू, गिरीश साहू जिसमें पुनः अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए वर्तमान जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, उपाध्यक्ष के पद पर मंजू साहू, कृष्णा प्रसाद साहू ने जीत हासिल की है। वही संगठन सचिव के रूप में उमाशंकर साहू और सविता साहू को निर्विरोध चुने गए।

साहू लगातार जिला साहू संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करते आ रहे हैं और उनके कार्यकाल में समाज में कई सराहनीय कार्य किए गए जिसका परिणाम फल के रूप में पुनः अध्यक्ष पद नंदलाल साहू को मिला है।

## श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयघोष से गूंज उठा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का भव्य आयोजन किया गया।

कथा के पांचवे दिन कथा वाचक संत निरंजन महाराज ने भगवान श्री कृष्ण अवतार की कथा का विस्तृत वर्णन करते हुये श्रोताओं को आनंदित किये। ईश्वर के संकल्प सृष्टि का सृजन पालन संहार होता है। भगवान के नेत्र खोलने पर मुस्कुराने पर प्रलय और आंख टेढ़ी कर देने पर संहार हो जाता है। मानव मात्र को कर्तव्य कर्म मे प्रेरित करने अकर्ता ईश्वर हमें कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। सच्चिदानंद भगवान को जानने के लिए गुरुओं, सन्तों के



सरणों में लोट कर पद-रज से स्वयं को आनन्दित करें। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए और श्री कृष्ण के रूप में सर्वत्र प्रेम बाँटे। जंगलों में घूमते हुए बनवासी राम भोले-भाले आदिवासीयों को, पिछड़ों को गले लगाकर समाज के मूल धारा से जोड़े। द्वारिकाधीश के रूप में भगवान श्री कृष्ण कला संस्कृति का पोषण करते हुए कुशल प्रज्ञा पालन किये। जैसे ही कथा में वासुदेव नवजात श्रीकृष्ण को लेकर कथा स्थल पर पहुंचे तो श्रद्धालु झूम उठे। श्रद्धालुओं नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयघोष से पंडाल गूंज उठा। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्म की खुशी में बधाई गीत गाई गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, पूर्व विधायक साजा लाभचंद बाफना, पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड दीपक साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज नंद लाल साहू, कृष्णा साहू, मंजु साहू, रमेश साहू, अध्यक्ष सेवादल धमतरी होरीलाल साहू, तुलसी साहू, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी गुप्ता, हलधर साहू, कलाम, प्रभात धुर्वे, सरस्वती चंद्राकर, युगल पांडे, अखिलेश तिवारी, महेश दुबे, नवीन ताम्रकार, ईश्वर सोनी, राजेन्द्र ठाकुर, दीपिका चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक जगहों पर शराब का सेवन करने वाले 66 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिले में अपराध के रोकथाम हेतु एवं अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले के तथा अड्डेबाजी करने वाले के विरुद्ध जिले के अलग-अलग स्थान थाना सुपेला में 15, दुर्ग में 14, भिलाई नगर में 9, मोहन नगर में 6, पद्मनाभपुर व वैशाली नगर में 5, पुलगांव व जामुल में 3, पाटन में 2, नगपुरा, अंजोरा, पुरानी भिलाई व रानीतराई में एक-एक कार्यवाही किया गया। इस अभियान में दुर्ग जिला के विभिन्न थाना, चौकी में अभियान चलाकर अड्डेबाजी करने वाले सैकड़ों स्थानों पर चेकिंग कर शराब पीने वालों के विरुद्ध 66 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कंप्यूटर और दस्तावेजों के सभी कार्य शत प्रतिशत हिंदी में करें



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के सभागार में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि तुलाराम बेहरा थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम कार्यक्षेत्र में सारा वार्तालाप अपनी भाषा हिंदी में करते हैं। हिंदी वार्तालाप के लिए सहज एवं सरल है। कंप्यूटर, दस्तावेजों एवं रजिस्टर आदि में हिंदी भाषा में लिखना आज की आवश्यकता है। हमें अपने सभी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में करना ही है। हिंदी हमारे समग्र निष्पादन में भी सहायक है।महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी एमएस नायडू ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी। सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक एमएस नायडू विजेन्द्र कुमार वर्मा (इंजीनियरिंग एसोसिएट हेमराज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। महाप्रबंधक झगर सिंह, मधुसूदन नायक, टीए गगन किशोर, इंजीनियरिंग एसोसिएट राजेश वर्मा, रमेश दौने, राजेन्द्र कुमार गजेन्द्र, लोकचंद यादव, लेखराम घरेन्द्र, भोपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खोले गए रैन बसेरों का दुर्ग-भिलाई में बुरा हाल, रात गुजारने के नहीं पर्याप्त इंतजाम

# ठिठुर रही ट्विनसिटी... इधर आश्रय के लिए रैन बसेरे में ताला, न कंबल है न चादर, फंड के अभाव में बढ़ी दिक्कतें

विमल शंकर झा ⏭ भिलाई

*दुर्ग शहर में पूस यानी दिसंबर महीने की कंपकपाने वाली ठंड में राज्य शासन की लापरवाही और नगर निगम की असंवेदनशीलता बेघर गरीबों और मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। रैन बसेरों में शासन से अनुदान नहीं मिलने और बदइंतजामी के कारण जरुरतमंदों को फुटपाथ में रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वर्षों पूर्व बनाए गए रैनबसेरों कुछ बंद हो चुके हैं और बाकी में बुनियादी सहूलियतों बदहाल हैं। सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन से तत्काल सभी रैनबसेरों को अपडेट कर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है।*

शहर में ठंड अपना तेवर दिखाने लगी है। पूस का महीना शुरु होते ही खून जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। आगे शीतलहर बढ़ने के आसार हैं। लेकिन नगर निगम भिलाई इस सर्दीले माहौल से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। इसका खामियाजा आवासविहीन और गरीबों को भुगतना पड़ रहा है।

सामाजिक संगठनों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन को कड़कड़ाती ठंड में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास है और न ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश का ही डर है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश और गाइड लाइन के मुताबिक आवासहीनों और बाहर से शहर में आने वाले गरीब यात्रियों, भिखारियों और यतीमों आदि जरुरतमंदों के ठहरने और रात बिताने के लिए शासन व म्यूनिसपल को रैनबसेरे बनाकर सभी इंतजाम करना है।








### ठंड में लोगों को परेशानी न हो इसलिए रैन बसेरे हुए थे शुरू

ठंड में इन जरुरतमंदों को परेशानी न हो। लेकिन भिलाई में वर्षों पूर्व बनाए गए रैनबसेरों कोई इंतजाम नहीं है। अधिकतर में पलंग, कंबल, गद्दे व चादर आदि उपलब्ध कराए गए हैं और न ही पानी, सफाई आदि बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हैं। कुछ में ताले लटके हुए हैं। नेहरु भवन सुपेला के ग्राउंडफ्लोर में ताला लटका है और अंदर रैनबसेरा को दो टूटे पलंग को स्टोर मे बतौर कबाड़ बंद कर दिया गया है। वहीं 20 साल पूर्व आकाशगंगा सब्जी मंडी के पास निर्मित रैन बसेरा में बदइंतजामी का माहौल है। हाल में भारतीय मजदूर संघ का आवंटित कार्यालय है। यहां एक भी मुसाफिर नहीं दिखा और निगम व यूनियन का एक कार्यकर्ता आराम से लेटे टीवी देखते मिला। भवन की बाउंड्रीवाल पूरी तरह टूट चुकी है। वैशालीनगर व खुर्सीपार रैनबसेरा भवन में भी अव्यवस्था का आलम दिखा।

### बेघर और मुसाफिर फुटपाथ पर रात गुजारने हुए मजबूर

भिलाई में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन बीस पच्चीस साल बनाए गए रैनबसेरों में बदइंतजामी या इनके वाइंडअप हो जाने की वजह राज्य शासन से पिछले कई सालों से नगर निगम को ग्रांट( अनुदान ) नहीं उपलब्ध नहीं करवाना है। निगम के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शासन से पिछले कई वर्षों से अनुदान नहीं मिलने के कारण सभी रैनबसेरों में सुविधा और संसाधनों आदि की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। वहीं जरुरतमंदों और सामाजिक संगठनों के मुताबिक रैनबसेरों में ताले व कोई सुविधा नही होने से कई आवासहीनों,गरीब मुसाफिरों को कड़ाके की ठंड में जर्जर आकाशगंगा काम्पलेक्स,नेहरुनगर फ्लाओवर के नीचे जैसे खुले आकाश में रात बिताने मजबूर होना पड़ रहा है। आकाशगंगा परिसर में रात अपने मासूम भतीजे के साथ रात बिताने वाली भंडारा की 65 वर्षीय फूलबाई बंसोढ़ ने बताया कि दिन में फुटपाथ पर खिलौने बेचते हैं रात में जेपी चौक फुटपाथ व आकाशगंगा काम्पलेक्स आदि कहीं भी सो जाते हैं।

### जिला प्रशासन से मदद की दरकार

ठंडी के मौसम में बेघरों व बाहर से शहर में आने वाले गरीब यात्रियों के आश्रय के लिए सामाजिक संगठनों ने नगर निगम के साथ कलेक्टर से सभी रैनबसरों में सुविधाओं और संसाधन मुहैया कराने की मांग की है। ताम्रकार समाज और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ छग कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि दो महीने ठंड को बीत चुके हैं और इतना ही वक्त अभी बाकी है। बावजूद नगर निगम द्वारा जरुरतमंदों के लिए रैनबसरों में बुनियादी सुविधाएं व कंबल,चादर आदि संसाधन उपलब्ध नही करवाना अमानवीय है। मुख्यमंत्री व कलेक्टर से गुहार है कि सभी रैनबसरों को अतिशीघ्र अपडेट किया जाएगा।

### शासन से नहीं मिल रहा अनुदान

नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में रैन बसेरों का निर्माण किया गया था लेकिन पिछले कुछ वर्षो से राज्य शासन द्वारा अनुदान नहीं मिलने से इनमें निर्धारित सुविधा व संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा सक रहे हैं। मुसाफिरों के लिए अलाव आदी के वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं।

**अनिल सिंह,** नोडल अधिकारी ननि भिलाई

### दुर्ग में सिर्फ एक रैनबसेरा, वह भी आउट सोर्सिंग में

दुर्ग में सिर्फ एक रैनबसेरा संचालित है, जो नया बस स्टैंड में संचालित है। इस रैन बसेरा का संचालन दुर्ग निगम द्वारा किया जा रहा है। इस बार करीब 3 लाख रुपए में अगले 3 साल के लिए ठेके पर दिया गया है। कार्य एजेंसी द्वारा ही रैन बसेरे की देखरेख की जा रही है, जहां साफ-सफाई, पेयजल से लेकर अन्य इंतजाम किए गए हैं। इसमें चादर, तकिया, कंबल सहित अन्य सामान भी उपलब्ध कराए जाते हैं। दुर्ग में ही पं. दीनदयाल उपाध्याय को योजना के अंतर्गत जिला अस्पताल में एक आश्रय स्थल खोला गया है। जहां श्रमिकों को ठहरने के इंतजाम किए गए हैं। साथ में कैंटीन में भोजन की व्यवस्था है। नाममात्र के शुल्क में ये सारे इंतजाम किए गए हैं।

## स्कूल में शिक्षकों की कमी, किया सड़क जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ग्राम बेलौदी के स्कूलों में लगातार शिक्षकों की कमी के कारण सोमवार सुबह प्राथमिक और मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं और उनके परिजनों, ग्रामवासियों ने एकजुट होकर दुर्ग-नगपुरा मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। सड़क जाम होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यहां महीनों से शिकायतों के बाद भी शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बेलौदी मिडिल स्कूल की संकुल प्राचार्य कुमुद सिंह के मुताबिक स्कूल में पहले दो स्थायी शिक्षक और एक प्रधान पाठक पदस्थ थे। प्रधान पाठक का हाल ही में प्रमोशन होने के बाद तबादला दूसरी जगह हो गया। अभी दो शिक्षक स्कूल में है, लेकिन वे दोनों बीएलओ ड्यूटी कर रहे हैं। इस कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। प्राथमिक स्कूल में भी एकमात्र शिक्षिका की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई है। ग्राम पंचायत ने खुद आगे आकर प्राथमिक के लिए वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की। वहीं मिडिल स्कूल के लिए सितंबर से एक शिक्षक को लाया गया था, लेकिन उनका स्वास्थ्य खराब होने की वजह से वे मेडिकल पर हैं। लगातार अव्यवस्था और बदहाल शिक्षा व्यवस्था से नाराज मिडिल और प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने इसे लेकर अपना विरोध दर्ज किया। इसे लेकर परिजन और ग्रामीण भी सड़क पर उतर आए और नगपुरा रोड पर जाम कर दिया।प्रदर्शनकारियों के मुताबिक कई महीनों से मांग उठाई जा रही है, लेकिन प्रशासन ने अब तक समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान में प्राथमिक व मीडिल स्कूल में 159 छात्र है।

- ग्राम बेलौदी के स्कूल में पढ़ाई प्रभावित



## धान खरीदी की धीमी गति के खिलाफ किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है केंद्र और राज्य सरकारों ने प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट को 800 क्विंटल निर्धारित किया है जिसके कारण धान खरीदी अत्यंत धीमी गति से हो रही है इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश है, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर किसान एक पखवाड़े से धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग को लेकर धान खरीदी केंद्रों सहित चौक में धरना प्रदर्शन दे रहे हैं, जिससे सरकारें भारी दबाव में है।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक राजकुमार गुप्त ने भारतीय किसान संघ को निशाने पर लेते हुए कहा है कि किसान पिछले 24 दिन से धान बेचने के लिए परेशान हैं। भारतीय किसान संघ ने आज तक किसानों की सुध नहीं ली थी। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आंदोलन का असर दिखाई देने लगा है। तब भारतीय किसान संघ को भी सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ा है।

## सड़कों के डामरीकरण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण एवं स्वीकृत सड़क कार्यों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्माणाधीन और स्वीकृत सड़कों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को वार्ड में नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, नाली और बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। आयुक्त ने विशेष रूप से शिक्षक नगर में सड़क नंबर 9, 10, 11 और आर्य नगर की ओर जाने वाली सड़क पर किए जा रहे नवीन डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ बना रहे।

- आयुक्त नेहरू नगर में डामरीकरण एवं स्वीकृत सड़क कार्यों का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान वार्ड 12 के पार्षद एवं सभापति गिरवर बंटी साहू, जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा झामूलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित थे।

## श्रमदान से बघेरा का शीतला तालाब हुआ साफ, किया जागरूक

**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष मे चलाये गये पंच परिवर्तन आयाम मे से एक पर्यावरण संरक्षण के तहत बघेरा मे स्थित शीतला तालाब में सफाई अभियान चलाया। तालाब घाट के पास फैली भारी मात्रा में जलकुँभी और कपड़ा,प्लास्टिक, प्लास्टिक की बोतल आदि कचरा यहां पर तालाब में स्थानीय लोग नहाते भी हैं और निस्तार में तालाब के पानी का उपयोग करते हैं दो सप्ताह पूर्व भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग के प्रतिनिधियों ने तालाब का निरीक्षण कर देखा था कि तालाब के चारों तरफ प्लास्टिक कचरा बिखरा हुआ है। तालाब का एक हिस्सा जलकुंभी से पटने से पानी दिखता ही नहीं है। तालाब बहुत बड़ा है और इसमें मछली पालन भी होता है। प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए सुबह से सफाई अभियान चलाया गया। । स्मृति नगर और नेहरू नगर तालाब का निरीक्षण किया गया नेहरू नगर तालाब के पानी में गाद एवं बहुत कचरा फैला होने से बदबू से उन्हें परेशानी हो रही है।



## गनियारी पहुंचने पर अग्निवीर राकेश का हुआ स्वागत

**भिलाई।** अपने गृह ग्राम गनियारी पहुंचने पर अग्निवीर राकेश साहू का भव्य स्वागत किया। इतवारी साहू के सुपुत्र राकेश साहू हैं, जिनका कुछ माह पूर्व सेना के अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ था। वर्तमान में वे अमृतसर पंजाब के संवेदनशील क्षेत्र में देश की सेवा कर रहे हैं। अवकाश के दौरान जब वे अपने गांव राकेश पहुंचे। जिसे देख ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। घर-आंगन से लेकर चौपाल तक, हर किसी के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। अग्निवीर राकेश को फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर सम्मानित किया। समारोह महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे ने राकेश साहू का सम्मान करते हुए कहा अग्निवीर राकेश ने जो हासिल किया है। राकेश के पिता इतवारी साहू ने भावुक होते हुए कहा कि बेटे को वर्दी में देखकर जो गर्व महसूस होता है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनकी मेहनत रंग लाई है। सम्मान समारोह के दौरान राकेश साहू ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और महापौर निर्मल कोसरे का धन्यवाद ज्ञापित किया।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### जिला स्तरीय संयुक्त सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# यातायात नियमों का पालन कराने सहित सड़क दुर्घटना रोकने प्रभावी कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, प्रभावी उपाय किया जाए। कलेक्टर ने एनएचआई के अधिकारियों को नेहरू नगर चौक से अंजोरा तक सड़कों में विचरण करने वाले पशुओं को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी रखने और नेहरू नगर चौक से कुम्हारी टोल प्लाजा तक सर्विस रोड डामरीकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को एनएचआई के रोड में जहां मिडिल कट बंद किया गया है, उसको तोड़ने वालों पर निगरानी कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार एसडीएम भिलाई को भिलाई नगर के सूर्या मॉल के पास और सुपेला मार्केट के पास पार्किंग ठेकेदार द्वारा सड़क पर वाहन पार्किंग कराने पर वाहन जब्ती करने के कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने पशुओं के सड़कों में विचरण करते पाये जाने पर पशुपालकों को पूर्व में जारी बॉण्ड के आधार पर कार्यवाही करने तथा सड़क किनारे के सभी प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने अधिकारियों को निर्देशित किया।




### माल वाहक वाहनों का उपयोग यात्रियों को बैठाने में न हो

कलेक्टर ने मालवाहक वाहनों का उपयोग यात्री बिठाने में लायी जाने पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार दुर्ग भिलाई नगर में रात्रि में भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित करने एएसपी यातायात को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देशित किया है। इससे पूर्व विगत बैठक की पालन प्रतिवेदन पर विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने कार्रवाई से अवगत कराया। बैठक में सीईओ बीके दुबे, एएसपी यातायात ऋचा मिश्रा, राजीव पाण्डेय, सुमीत अग्रवाल, डी. राजपूत, मोनिका वर्मा, हरवंश सिंह मिरी सहित अन्य मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

## यह रहे विजेता

स्लो साइकिल बालक वर्ग में उत्कर्ष तिवारी प्रथम, तुषार सिन्हा द्वितीय, जीवेश ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में झमिता दर्रो प्रथम, प्रिया चंद्राकर द्वितीय, किरण रात्रे तृतीय रही। जबकि जेवलिन थ्रो के बॉयज कैटेगिरी में साहिल देवदास, गर्ल्स कैटेगरी में पल्लवी, दो सौ मीटर दौड़ की बालिका वर्ग में अदिति नेताम, बालक वर्ग में आयुष ठाकुर, सौ मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में एन.पूर्वा, बालक वर्ग में विकास कुमार, फ्रंट रोल के बॉयज में पुष्पेंद्र वर्मा, गर्ल्स में हर्षिता प्रसाद, हाई जंप के बॉयज में हेमलाल और गर्ल्स में एन.पूर्वा विजेता रहीं।



### लाइव इवेंट

## नशे के विरुद्ध पोस्टर और स्लोगन लेकर लगाए नारे, निकाली जागरुकता रैली



**भिलाई।** ओजस समाज सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकालकर की गई। जिसमें संदेश दिया गया कि नशा समाज के लिए वो जहर है जो व्यक्ति और समाज को धीरे-धीरे बर्बाद कर देता हैं। समिति द्वारा यह कार्यक्रम नशे के कारण होने वाले दुष्परिणाम के रुप में आर्थिक, शारीरिक, मानसिक नुक़सान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। नशा मुक्त अभियान का यह कार्यक्रम शासकीय पी एम श्री प्राथमिक शाला रूऑबाधा स्कूल के बच्चों ने हाथों में नशा के विरुद्ध लिखे पोस्टर और स्लोगन को लेकर रैली निकाली और नारे लगोता हुए आसपास के लोगो को जागरुक किया। इस दौरान बच्चों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम कभी भी किसी भी तरह के नशे का सेवन नहीं करेंगे। इस दौरान समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशा केवल शराब ही नहीं बल्कि, बीड़ी, गुटका, तंबाकू, गांजा, सिगरेट जैसी हानिकारक चीज़ों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। आजकल बच्चे इन सब के आदि हो रहे है छोटे छोटे बच्चों को सिगरेट व तंबाकू का सेवन करते देखा जाता हैं। इस अभियान में स्कूल की प्रधान पाठिका ज्यानेश्वरी मिश्रा, संध्या पाठक, नागेन्द्र मरावी, प्रीती वामन, सुधा और ओजस समिति की संरक्षक दुर्गा अधिकारी ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सह अध्यक्ष सुषमा सिंह अर्चना सर्राफ़, प्रणिता शर्मा, अल्का शर्मा, रचना सिंह, संजय सिंह, प्राची सिंह, सामली सोनी, संजू शुक्ला, सुनीता सिंह सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।



● कल्याण कॉलेज में खेलों का महाकुंभ, 15 इवेंट में 283 प्लेयर्स ने दिखाया दम

# खूब मेहनत करिये, इसका कोई भी विकल्प नहीं होता, खेलों के महाकुंभ में 283 प्लेयर्स ने दिखाया अपना दमखम

**भिलाई। आप सभी खिलाड़ी जमकर मेहनत करिए और अतिथि दीर्घा तक यहां पहुंचिए। क्योंकि मेहनत का कोई भी विकल्प नहीं होता। पहले मैं भी ऐसे ही आप लोगों की तरह बैठे रहता था और मुझे लगता था कि अतिथि के रुप में हमें कब बैठने मिलेगा। तो आप लोग के सामने मैं एक उदाहरण हूं। आपका चहुमुखी विकास करने के लिए बहुत सारी चीजें आपको सिखनी पड़ेगी। खूब मेहनत करिए। खिलाड़ियों को प्रोत्सहित करते हुए यह आजपूर्ण बातें भिलाई के नगर पुलिस अधीक्षक सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने कल्याण कॉलेज में स्पोट्र्स डे के दौरान कही।शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। कॉलेज के ग्राउंड में चली कॉम्पिटिशन में 15 से ज्यादा सिंगल, डबल्स और ग्रुप इवेंट्स में खिलाड़ियों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इवेंट में मुख्यातिथि भिलाई के नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा उपस्थित रहे।कल्याण कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.विनय शर्मा ने कहा कि खेल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने कई कहावतों और लोकोक्तियों के सहारे खिलाड़ी बच्चों को उत्साहित किया।**



### शो-ऑफ और नशे के चक्कर से दूर रहने किया प्रेरित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई के नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि मैं भी बेसिकली स्पोर्ट्स पर्सन हूं। अपलोग को देखकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। आप सभी खूब मेहनत करिये और हमारी जगह पहुंचे। उन्होंने नशा से दूर रहने की बात कही। मॉडर्निटी शो-ऑफ के चक्कर में सब होता है। आप लोग इससे दूर रहिए। उन्होंने लिमिटेड स्पीड में ड्राइविंग करने की सलाह दी। साथ ही ट्रैफिक के नियमों का पालन करने की भी अपील की।-



### इन खेलों में हुई भिड़ंत

कल्याण कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स डे के दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें एथलेटिक्स में सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़, चार सौ मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद और रिले रेस में प्रतिभागियों ने दम दिखाया। इसके अलावा फ्रंट रोल कॉम्पिटिशन, स्लो साइकिल रेस जैसे एकल गेम में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। साथ ही ग्रुप गेम्स की बात की जाए तो वालीबॉल, खो-खो, कबड्डी और क्रिकेट में बालक और बालिका वर्ग की अलग-अलग टीमों ने लोहा मनवाया।

### अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के संस्मरण से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। दो दिनों के आयोजन में महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी भुनेश्वर साहू और छात्र संघ प्रभारी डॉ.मणिमेखला शुक्ला का विशेष योगदान रहा। इस दौरान महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ.लखन चौधरी, डॉ.सलीम अकील, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ.अनुराग पाण्डेय, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.के.एन.दिनेश, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.कविता वर्मा, डॉ.हरीश कश्यप, डॉ.मयूर पुरी गोस्वामी, डॉ.अंजन कुमार, डॉ.सौम्या खरे, डॉ.शिप्रा सिन्हा सहित तमाम विभागों के संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और विभागों के प्राध्यापक, महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सिटी इवेंट

## प्रदेश की फैकल्टी को डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग की दी जाएगी ट्रेनिंग




**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में अटल एफडीपी की शुरुआत हुई, जहां प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और इंडस्ट्री के 50 प्रतिभागियों को एडवांस डिजाइन, सिमुलेशन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। एआईसीटीई द्वारा स्पॉन्सर्ड यह 12 दिवसीय कार्यक्रम इंडस्ट्री 4.0 की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया और आने वाली इंडस्ट्री 4.0 की जरूरतों को देखते हुए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (आरसीईटी) में प्रदेश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों की फैकल्टी और इंडस्ट्रीज के लिए ट्रेनिंग की शुरुआत की गई। रूंगटा कॉलेज को यह जिम्मेदारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने दी है, जिसमें 50 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है। भविष्य की इंडस्ट्री पूरी तरह डिजिटल, ऑटोमेटेड और हाई-प्रिसीजन सिस्टम्स पर आधारित होगी। इंडस्ट्रीज के बदलते स्वरूप की जानकारी इस हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में मिलेगी। इसका मुख्य फोकस एडवांस्ड डिजाइन पर रखा गया है, जो आने वाले समय में प्रोडक्ट डिजाइन, मॉडलिंग, सिमुलेशन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग का आधार बनने वाला है। एडवांस सॉलिड वर्क्स एप्लीकेशन फॉर डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग एंड इंडस्ट्रीज 4.0 नामक इस अटल एफडीपी के माध्यम से फैकल्टी को वे तकनीकें सिखाई जा रही हैं जो भविष्य में हर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, स्टार्टअप और इंडसट्रियल सेटअप की रीढ़ होंगी। रूंगटा कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की इस एफडीपी का शुभारंभ सोमवार को हुआ।

- 50 प्रतिभागियों को एडवांस डिजाइन की ट्रेनिंग दी गई

### एआईसीटीई ने 6 लाख का दिया अनुदान

विभाग के प्रोफेसर व इस वर्कशॉप के समन्वयक डॉ. संजय जी साखरवाड़े और सहसमन्वयक डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि अटल एफडीपी के लिए एआईसीटीई ने 6 लाख रुपए का अनुदान दिया है। प्रतिभागियों को 12 दिनों तक इंडस्ट्री बेस्ड केस स्टडी, उन्नत सिमुलेशन तकनीकें, डिजिटल प्रोडक्शन सिस्टम्स और सपोर्टेड डिजाइन टूल्स से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी को भविष्य की तकनीकों से लैस करना है, ताकि वे इन्हें छात्रों और शोध कार्यों में प्रभावी रूप से लागू कर सकें। इस एफडीपी में एनआईटी रायपुर, वाईसीसीई नागपुर, भारत इलेक्ट्रानिक्स, बीएसपी, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग के एक्सपर्ट भी वर्तमान और भविष्य की इंडस्ट्रीयल जरूरतों पर प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ चिन्मय चंद्राकर, डीन रिसर्च डॉ. आरके राठौर और डॉ. सूरज बांधेकर भी शामिल थे।

## रक्तदान कर मनाया डॉ. आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस, निकाली रैली

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई प .क. 1119 के तत्वावधान में डॉ आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक वंदना की गई और उन्हें नमन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर की गई। इस दौरान दुर्ग जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ.आशीषन मिंज, डॉ.जे. पी.मेश्राम, डॉ.संजय वालवांद्रे और संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम और महामानव मल्टीपर्पस सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष चौहान, रेड ड्राप फ्रेंडस क्लब छत्तीसगढ़ के सूरज साहू दवरा किया गया। शिविर में लगभग 50 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। तथागत कल्याण समिति ने रक्तदान दाताओं को फलों का वितरण किया। रक्तदान शिविर में शैलेन्द्र भगत, प्रवीण वासनिक, राजेश रामटेके, नमेश्वरी सोनपिपरे, देवेन्द्र बंसोड़, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, आंनद चौहान,बंसत नंदेश्वर, पुलकित चौहान, प्रज्ञा वंजारी, सिमरन उके, पूरवी वाहने, अविनाश गांवडे, गिरीश गनवीर, कुसुम गजभिये, विनोद वासनिक, जे बी पाटील, सुरेश श्यामकुंवर, पी.जे.आंबुरकर, कमल मेश्राम और अन्य पदाधिकारियों का योगदान रहा। शाम 6 बजे आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैंडल रैली का आयोजन किया गया। जिसका समापन बुद्ध भूमि कोसानगर में किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष बालेश्वर चौरे और पदाधिकारियों ने कैंडल रैली का स्वागत किया। बुद्ध भूमि में बाबा साहेब को श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वाह ज़िंदगी वाह का 21 से 25 दिसंबर तक आयोजन, 5 दिनों तक दो सत्रों में शिविर

**दुर्ग।** भागती दौड़ती जिंदगी में हर पल खुशियों भरा, तनाव मुक्त कैसे हो, आंतरिक सशक्तिकरण के द्वारा चुनौतियों का सामना कैसे करें। इन सभी विषयों पर अपने अनूठे वक्तव्य से प्रशिक्षित करने अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफ़ेसर ई.वी. गिरीश मुम्बई का प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग छग में आगमन हो रहा है। 21 से 25 दिसंबर तक सुबह-शाम दो सत्रों में सभी को संकल्प, संबंध और कर्म में मधुरता लाने की कला सिखाने वाह जिंदगी वाह शिविर द्वारा जीवन को वाह वाह बनाने आ रहे हैं ताकि आने नया वर्ष 2027 खुशियों और उमंग से भरा, तनाव मुक्त हो। राजयोग ध्यान विधियों का 30 वर्षों का अभ्यास, ईश्वर प्रदत बुद्धिमत्ता तथा आध्यात्मिकता से प्राप्त अंतर्दृष्टि, तीनों के अनूठे समन्वय से अनेक आत्माओं को व्यक्तिगत एवं जीवन में सामंजस्य बनाकर बेहतर जीवन शैली अपनाने की कला सिखाने आपको महारत हासिल है। आपने देश के नामी संस्थाओं जैसे इसरो, नाबार्ड, भारतीय सेना-आसाम राइफल्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा इंस्टीट्युट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विभिन्न यूनिवर्सिटीज़, आई.आई.एम.जैसे अनेक संस्थाओं में अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिये हैं। सुबह 8 से 9 और शाम 7 से 8 दो सत्रों में आयोजित शिविर में प्रवेश निःशुल्क रखा गया था। किन्तु रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। सुबह-शाम दोनों में से किसी भी एक सत्र में इस शिविर में इसका लाभ लिया जा सकता है । शहर में कार्ड वितरित किया जा रहा है व मुख्य स्थलों पर होर्डिंग्स लगायी गयी है । जिसमें क्यूआर कोड दिया हुआ है जिसके द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।



### जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में जुटा जैन समाज

कॉर्नर न्यूज

## 113 उपवास के सम्मान में तप अनुमोदना, नवकार मंत्र की स्तुति, धर्म सभा का भी हुआ आयोजन

**भिलाई-दुर्ग।** जैन तप साधिका किरण देवी संचेती के 113 उपवास के सम्मान में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में साध्वी मुमुक्षा श्रीजी श्रद्धा, कीर्ति के पावन सानिध्य में तप अनुमोदना एवं 1 सामायिक की साधना करने जैन समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र की स्तुति करते हुए उग्र तपस्वी किरण देवी संचेती की अनुमोदना की श्रमण संघ महिला मंडल एवं समरथ महिला मंडल ने भक्ति गीतों से अभिनंदन किया। मुमुक्षा ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए छोटे-छोटे उदाहरणों से धर्म से जोड़ने की प्रेरणा दी। हम इतनी बड़ी तपस्या तो नहीं कर सकते पर छोटे-छोटे त्याग से अपने इस मानव जीवन को सफल जरूर बना सकते हैं। साध्वी श्री ने कहा किरण देवी संचेती की तपस्या के उपलक्ष में 1111 साधकों ने छोटे-छोटे व्रत संकल्प लेकर इस साधना में अपना नाम लिखवाया और कल उनके 111 उपवास के तपस्या के निमित्त इतनी बड़ी संख्या में साथ न होने जा रही है।



### एक दिन के लिए चार खन्ध त्याग करने का लिया संकल्प

रात्रि भोजन का त्याग, चोविहार का पालन, हरी सब्जी का त्याग बड़ी स्नान का त्याग ब्रह्मचर्य का पालन खड़े खड़े भोजन नहीं करना, टीवी मोबाइल देखते हुए भोजन नहीं करना हंसी मजाक करते हुए भोजन नहीं करना स्वाद लेते हुए खाना नहीं खाना बड़बड़ करते हुए खाना नहीं खाना ओर आज होने से पूर्व णमो सिद्धांण की माला फेरने का संकल्प दिया। इस दौरान आचार्य एवं युवाचार्य भगवंत का मंगल संदेश प्राप्त हुआ। साध्वी श्री ने आयोजित धर्म सभा में तपस्या में अपनी भेंट देने के लिए सात प्रमुख बातें बताइए जिसे कल सभी जैन समाज के लोगों को इन चीजों का पालन करना है।

### पालकी में बैठाकर तप साधिका को प्रवचन सभा में लाया

बांधा तालाब परिसर में तप साधिका श्रीमती किरण देवी संचेती को बेठाकर प्रवचन सभा में लाया गया जहां उनका अनुमोदन अभिनंदन का कार्यक्रम हुआ। ध्यान योगी आचार्य सम्राट शिव मुनि जी महाराज ने अपना मंगल संदेश भेज कर साधिका का कुशलक्षेम पूछा और तब मार्ग में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। युवाचार्य भगवत महेंद्र ऋषि ने मुंबई से मंगल संदेश भेजा, जिसमें किरण देवी संचेती को तप रत्नेश्वरी की उपाधि से अलंकृत किया, जिसे उपस्थित जन समुदाय ने हर्ष हर्ष जय जय कार्य के साथ स्वागत किया। सभा का संचालन टीकम छाजेड़ एवं राकेश संचेती ने किया।

सिटी इवेंट

## शिविर में रक्तदान का बताया महत्व स्वयंसेविकाओं को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सेवाकार्यों के साथ किया गया। इस अवसर पर रक्तदान का महत्व बताते हुए शिविर का भी आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा छाया क्लॉडियस और वाइस प्रिंसिपल डॉ. आशा रानी दास उपस्थित रहीं। साथ ही ग्राम सरपंच कीर्तन साहू, उप सरपंच उदयराम वर्मा, वरिष्ठ नागरिक डोमार सिंह बंछोर, सचिव राजेंद्र वर्मा, ग्राम के नागरिक दऊवा राम वर्मा, एम.एस. कचांदूर की प्राचार्या मोनाली पटवर्धन, एम.एस. कचांदूर की शिक्षिका स्वर्णा साहू सहित महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दल नायिका प्राची तिवारी ने की। इस अवसर पर स्वागता भाषण अधिकारी डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के आयोजन के लिए सरपंच, पंच और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए स्वयंसेवकों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने पूरे सात दिवसीय शिविर का विवरण प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण के बाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नाज़नीन बेग द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। शिविर के समापन अवसर पर सभी सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेविकाओं को सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



● हैदराबाद और वैजाग के गीतकार और संगीतकारों ने ट्विनसिटी के श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# घंटसाला जयंती पर दी अमर गीतों की सुरमयी प्रस्तुति भक्ति और रोमांटिक गानों से सजाई सुरों की महफिल

भिलाई। तेलुगु सिनेमा के गणगंधर्व के नाम से जाना जाने वाले सबसे लोकप्रिय पार्श्व गायक पद्मश्री घंटसाला व्यंकटेश्वर राव की 103वीं जयंती पर उनके अमर एवं मधुर गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी गई। पद्मश्री घंटसाला चैतन्य वेदिका संस्था के अध्यक्ष एएस शर्मा और महासचिव के लक्ष्मीनारायण की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में घंटसाला की हूबहू आवाज में गाने वाले उनके मानसपुत्र स्वर सम्राट डॉ शरतचंद्र ने अपनी गायकी से ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं ने स्पंदित होकर फरमाइशों की झड़ी लगा दी। एसएनजी ऑडिटोरियम, सेक्टर 4 में घंटसाला की विरासत को आगे बढ़ाते हुए हैदराबाद से आए डॉ शरतचंद्र ने तीन भक्ति गीत और लगातार दस रोमांटिक गाने गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय गायकों ने नए और पुराने गीतों से माहौल खुशनुमा बना दिया।



### सुर और ताल का अनूठा संगम

इस अलौकिक संगीत यात्रा में शरतचंद्र के सुर और वैजाग के संगीतकारों में सोमेश, पीवी रमणमूर्ति, बाबूराव और बी रमण मूर्ति के ताल का अनूठा संगम देखने को मिला। इनके अलावा स्थानीय गायकों चंद्रशेखर, लता, के राजू, उमा, विजयशंकर, दिलीप, ज्योत्सना, लक्ष्मीरानी, प्रकाश, टी लक्ष्मणमूर्ति, रानी नायडु, बी रामू, कुसुमा, सुब्रमण्यम, श्रुति, जी वेंकट, हरिता, जी वेणुगोपाल, गौरीनाथ, प्रवीणा और राधा ने भी अपनी गायकी से खूब तालियां बटोरीं। इन गायकों ने नए और पुराने दौर की फिल्मों राक्षसुडु, कुली नंबर वन, सागर संगम, चंटी, आराधना, सीताकोक चिलुका, अभिलाषा, प्रेमा, आखिरी पोराटम, शिवा एवं जगदीका वीरुडु अतिलोक सुंदरी के सदाबहार गीत पेश किए।







### समाज की विभूतियों का सम्मान

कार्यक्रम का आरंभ वेदिका के डायरेक्टर जी वेणुगोपाल ने गणेश भगवान के मंत्र एकदंताय, वक्रतुंडाय गाकर किया, वहीं हरिता ने संचालन किया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक रिकेश सेन ने चैतन्य वेदिका की सराहना करते हुए कहा कि मुझे तेलुगु भाषा की समझ नहीं है, लेकिन सुर और संगीत की धुनें मन को तरंगित और मंत्रमुग्ध कर देती हैं। इस अवसर पर जहां डॉ शरतचंद्र को सम्मानपत्र दिया गया, वहीं वेदिका के संस्थापक दिवंगत आर गणपति राव की धर्मपत्नी पुष्पाराव, पुत्री कविता राव, आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर उप कोषाध्यक्ष एन एस राव, तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलु, जिलाध्यक्ष डी मोहनराव, पंकज पाल, के राधा, समाजसेवी एनएन राव सहित समाज के प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।

इवेंट लाइव

## राज्यपाल से सम्मानित कलेक्टर को चेंबर ने दी बधाई



**भिलाई।** दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को हाल ही में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारियों और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। चैंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जिले के कलेक्टर को विशेष स्थान देते हुए राज्यपाल ने सम्मानित किया। उन्होंने इसे पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि कलेक्टर अभिजीत सिंह के नेतृत्व में जिले में विकास कार्यों की गति तेज हुई है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर की सक्रियता और दूरदर्शी दृष्टिकोण से जिले का विस्तार और प्रगति निरंतर हो रही है। भिलाई चेम्बर चेयरमेन दिनकर बासोतिया ने पूरे जिले के व्यापारियों की ओर से कलेक्टर को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि व्यापार जगत को विश्वास है कि आने वाले समय में भी सभी समुदाय और व्यापारी वर्ग कलेक्टर के मार्गदर्शन का पालन करते हुए अपने व्यवसाय को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर सुनील मिश्रा, मनोहर कृष्णानी, पवन अग्रवाल, चिन्ना राव, विकास जायसवाल, भोलनाथ सेठ सहित व्यापारी उपस्थित थे।

■ राज्यपाल से सम्मानित होने पर भिलाई चैंबर ने कलेक्टर का किया अभिनंदन

सामाजिक कार्यों की दी जानकारी

## यंग इंडियंस ने गुड-टच बैड-टच को लेकर लोगों को किया अवेयर

**दुर्ग।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और यंग इंडियंस (वायआई) दुर्ग चैप्टर ने पूरे उत्साह के साथ वार्षिकोत्सव मनाया। वायआई के चेयर गौरव अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर में विभिन्न वर्टिकल्स और प्रमुख परियोजनाओं के माध्यम से किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित 350 से अधिक प्रभावशाली सत्रों और पहलों के माध्यम से वायआई ने युवा नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण, सतत विकास, उद्यमिता और सामाजिक उत्थान के अपने मिशन को और मजबूत किया है। अध्याय को राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान मिला। विशेषकर मासूम मॉडल स्कूल पहल (सेफ-अनसेफ टच जागरुकता), रनथॉन जिसमें 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं मेगा जॉब फेयर में कॉलेज छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वार्षिक रिपोर्ट का औपचारिक विमोचन बजरंग गोयल, वाइस चेयरमैन, सीआईआई छत्तीसगढ़ और प्रीतम बंसल, रीजनल चेयर (ईस्ट), यंग इंडियंस ने श्वेता सोंगेन, स्टेट हेड, सीआईआई छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में किया।



**वायआई की उपलब्धियों को सराहना सराहा :** कार्यक्रम में प्रतिष्ठित वायआई दुर्ग स्टार अवाड्र्स-2025 प्रदान किए गए। जिनमें थलीर टीम, गौरव अग्रवाल, मासूम टीम, और प्रकृति अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदानों के लिए सम्मानित किया गया। खेल श्रेणी में एवी सुपरकिंग्स को वायआईएसएल 2025 के चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 के नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अभिषेक सुराना को चेयर और दानिश अली को को-चेयर का दायित्व सौंपा गया है। नए नेतृत्व ने एक्जिक्यूटिव कमेटी और अध्याय के वार्षिक स्पॉन्सर्स की भी घोषणा की। वार्षिकोत्सव में रजनी संजय रुंगटा, उषा सुधीर अग्रवाल, मंजू महावीर सुराना,ताहिरा अमीर अली विशेष रुप से शामिल हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, पार्टनर्स, शुभचिंतकों और चैप्टर के 75 प्रतिशत से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

सिंदूर कप नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता

## चरोदा की टीम ने नाइजीरियन इलेवन को 6-1 से हराया



**भिलाई।** सिंदूर कप रात्रिकालीन मोहल्ला फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार रात कई रोमांचक मुकाबले हुए। पहला मैच रुंगटा कॉलेज भिलाई और दुर्ग के बीच खेला गया। दुर्ग की तरफ से अंकित ने दो गोल किए, लेकिन रुंगटा कॉलेज ने सुबोध के दो और निशान के एक गोल की बदौलत मैच 3-2 से अपने नाम किया। इसी जीत के साथ रुंगटा कॉलेज ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

दूसरा मुकाबला चरोदा और नाइजीरियन इलेवन के बीच हुआ। चरोदा की ओर से भावेश ने हैट्रिक लगाई, जबकि सिद्धू और सुरेश वशिष्ठ ने एक-एक गोल दागा। कुल छह गोलों के दम पर चरोदा ने मैच पर दबदबा बनाए रखा। नाइजीरियन इलेवन की तरफ से मैथ्यू ने एक गोल किया। चरोदा की टीम 6-1 से विजयी रही। तीसरे मैच में खुर्सीपार और शांतिनगर आमने-सामने थे। खुर्सीपार की ओर से निशु और देव ने एक-एक गोल किया।

शांतिनगर की टीम ने जोरदार वापसी की। अनिरुद्ध ने दो गोल और विष्णु ने एक गोल कर टीम को 3–2 से जीत दिलाई। रविवार के मैचों में रेफरी की जिम्मेदारी राहुल राज, कुणाल और विक्टर जॉर्ज ने संभाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी मौजूद थे। सोमवार रात को पहला सेमीफाइनल रुंगटा कॉलेज और वैशाली नगर के बीच खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल शांतिनगर और चरोदा की टीमों के बीच होगा।

## सीजीपीएससी में प्रथम रहे देवेश का फेरो स्क्रैप ने किया सम्मान



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा गठित पूर्व एफएसएनएल कर्मचारी संघ द्वारा एक कार्यक्रम अरुण सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष जन अधिकार परिषद व अध्यक्ष फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान सीजीपीएससी में प्रथम स्थान पाने वाले देवेश साहू का सम्मान शाल व प्रतीक चिन्ह से किया गया। साथ ही 70 वर्ष के सेवानिवृत्त कर्मियों को वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिया गया। उनके अलावा मदन रंगारी, रामसिंह, जॉन मैथ्यू, रोहित राम, ब्रह्मदेव, डीएल माहेश्वरी, एके विद्या का शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में लक्मन यादव, जॉन मैथ्यू, ईश्वर रॉव, निर्मल सिंह, मैदन रंगारी, लेख राम साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत के अंतर्गत नो मोर पाकिस्तान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

## सुरक्षा के लिए पाकिस्तान को बताया खतरा, देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि, हर भारतीय को समझना होगा

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच दुर्ग-भिलाई चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत भारत की आंतरिक सुरक्षा पर प्रभाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य फोकस नो मोर पाकिस्तान और राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर रहा। संगोष्ठी में लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता रही, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, विद्वान, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवहर पर राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच एवं शावियाता स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के बीच शोध एवं बौद्धिक व्याख्यानों के लिए एक एनओयू पर हस्याक्षर हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय सदस्य, केंद्रीय संचालन समिति, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच थे। मुख्य वक्ता सेवा निवृत्त मेजर जनरल अनुज माथुर प्रभारी पश्चिम रासुजा मंच तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय मंत्री प्रथम रासुजा मंच एवं विक्रमादित्य सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री रासुजा मंच थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा ने की। स्वागत उद्बोधन डॉ. शकील हुसैन प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान ने प्रस्तुत किया। उन्होंने संगोष्ठी के उद्देश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत की प्रासंगिकता को संक्षेप में स्पष्ट किया।



### अंतर्विरोधों और आतंकी ढांचों का केंद्र बन चुका पाकिस्तान

मुख्य वक्ता मेजर जनरल अनुज माथुर ने नो मोर पाकिस्तान की व्याख्या करते हुए कहा कि इसका तात्पर्य पाकिस्तान नामक देश का समाप्त होना नहीं है, बल्कि आज के आतंक-प्रायोजित पाकिस्तान के स्वरूप का अंत होना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पाकिस्तान अंतर्विरोधों और आतंकी ढांचों का केंद्र बन चुका है, जिसके पतन की प्रक्रिया भीतर ही भीतर तेज हो रही है। उन्होंने बताया कि किस तरह पाकिस्तान ने फिलिस्तिनियों, बांग्लादेशियों, शियाओं, अहमदियाओं, मुहाजिरों और बलूचों का नरसंहार किया।

### आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता से पीड़ित है जनता

मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय ने पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि विभाजन की पृष्ठभूमि में अंग्रेजों की फूट डालों और राज करो नीति ने इस संकट को जन्म दिया। पाकिस्तान की जनता स्वयं आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता से पीड़ित है तथा सरकार पर उनका भरोसा घटता जा रहा है। विश्व में घटने वाली अधिकांश आतंकी घटनाओं की कड़ियां पाकिस्तान से जुड़ना एक चिन्ताजनक है। विशिष्ट अतिथि विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उपलब्ध दस्तावेज़ एवं रिपोर्टें पाकिस्तान की आतंकी पृष्ठभूमि को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करती हैं।

### विरोधाभासों और नफरत के नरेटिव से हुआ था पाकिस्तान का जन्म

फैन्स दुर्ग भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष और हेमचन्द यादव वि वि दुर्ग के प्रथम कुलपति डॉ. एनपी दीक्षित ने देश की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान को स्थायी खतरा बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शकील हुसैन ने धन्यवाद कहा कि पाकिस्तान का जन्म ही विरोधाभासों और नफरत के नरेटिव से हुआ था, फलतः पाकिस्तान के विखण्डन के बीज उसमें अन्तर्नीहित है। इसलिए उन्होंने कहा कि नो मोर पाकिस्तान का स्वर आज एक वैचारिक अनिवार्यता के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम में सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ.अरोड़ा, उच्च शिक्षा के पूर्व एडी डॉ.राजेश पाण्डेय, वर्तमान संयुक्त संचालक डॉ.अरूण सिन्हा, ईवीएन पांडेय पूर्व अध्यक्ष दुर्ग-भिलाई चैप्टर एवं वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फैन्स, चेम्बर आफ कामर्स के अजय भसीन आदि मौजूद थे।

ज्योतिष

## सूर्य का गोचर इन राशियों को बनाएगा मालामाल, संक्रांति तक रहेगी चांदी ही चांदी



ज्योतिष में ग्रहों के स्थान परिवर्तन का विशेष महत्व है। 16 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर सूर्य वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में प्रवेश करेंगे। 14 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजकर 6 मिनट तक सूर्य धनु राशि में ही गोचर करते रहेंगे। इसके बाद सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश कर जाएंगे। सूर्य जब भी किसी राशि में प्रवेश करते हैं तो अन्य राशि वाले लोगों पर भी उसका प्रभाव पड़ता है। सूर्य का यह गोचर इन 6 राशियों के लिए बहुत ही लाभदायक रहने वाला है।

**मेष राशि** : सूर्य देव आपके नवम स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में नवा स्थान भाग्य का स्थान है। इस स्थान पर सूर्य के गोचर से आपके भाग्य में वृद्धि होगी। आप अपने काम में जितनी मेहनत करेंगे, उसका शुभ फल आपको अवश्य ही मिलेगा। लिहाजा अगले 30 दिनों के दौरान सूर्य के शुभ फलों को सुनिश्चित करने के लिए घर में पीतल के बर्तनों का इस्तेमाल करें। साथ ही प्रतिदिन सूर्य देव को नमस्कार करें।

**वृष राशि** : सूर्य देव आपके आठवें स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में यह स्थान आयु से संबंध रखता है। इस स्थान पर सूर्य के गोचर से आपकी आयु में वृद्धि होगी और आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इस दौरान सूर्य के शुभ फल सुनिश्ति करने के लिए- काली गाय या बड़े भाई की सेवा करें।

**कन्या राशि** : सूर्य देव आपके चौथे स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में यह स्थान माता, भूमि-भवन और वाहन के सुख से संबंध रखता है। सूर्य के इस गोचर से अगले 30 दिनों के दौरान आपको अपने कार्यों में माता से पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही इस दौरान आपको भूमि-भवन और वाहन का सुख मिलने की भी पूरी उम्मीद है। लिहाजा इस दौरान सूर्य के शुभ फल सुनिश्चित करने के लिए किसी जरूरतमंद को भोजन कराएं। साथ ही मौका मिलने पर जरूरतमंद लोगों की मदद करें।

**वृश्चिक राशि** : सूर्य देव आपके दूसरे स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में यह स्थान धन और आपके स्वभाव से संबंध रखता है। सूर्य के इस गोचर से 14 जनवरी 2026 तक आपको धन की बढ़ोतरी के बहुत से साधन मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। लिहाजा 14 जनवरी 2026 तक सूर्य के शुभ फल सुनिश्चित करने के लिए मंदिर में नारियल का तेल या कच्चे नारियल का दान करें।

**धनु राशि** : सूर्य देव आपके पहले यानि लग्न स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में यह स्थान व्यक्ति का अपना स्वयं का स्थान होता है। इस स्थान पर सूर्य के गोचर से आपको जीवन का भरपूर लाभ मिलेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपके पास पैसों की लगातार आवक बनी रहेगी। लिहाजा अगले 30 दिनों के दौरान सूर्य के शुभ फलों का लाभ पाने के लिए प्रतिदिन सुबह स्नान आदि के बाद सूर्य देव को जल चढ़ाएं।

**कुंभ राशि** : सूर्य देव आपके ग्यारहवें स्थान पर गोचर कर रहे हैं। जन्म कुंडली में यह स्थान आमदनी और कामना पूर्ति से संबंध रखता है। सूर्य के इस गोचर से 14 जनवरी तक आपकी अच्छी आमदनी होगी। आपको आमदनी के नये स्रोत भी मिलेंगे। साथ ही आपकी जो भी इच्छा होगी, वो जरूर पूरी होगी। लिहाजा अगले 30 दिनों के दौरान सूर्य के शुभ फल सुनिश्चित करने के लिए मंदिर में मूली का दान करें।

## कुंभ राशि में रहकर राहु इन 3 राशियों की चमकाएंगे, मिलेगा सबकुछ



छाया ग्रह राहु ने 18 मई 2025 को शनि की प्रिय राशि कुंभ में प्रवेश किया था और 5 दिसंबर 2026 तक ये इसी राशि में मौजूद रहेगा। ज्योतिष अनुसार राहु का ये गोचर 2026 में तीन राशियों को खूब लाभ देगा। इन राशियों को नए साल में अप्रत्याशित प्रगति और बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। आर्थिक मामलों के लिए ये साल बेहद शानदार साबित होगा। चलिए जानते हैं नव वर्ष 2026 में राहु किन राशियों की किस्मत चमकाने जा रहा है।

**मिथुन राशिः** राहु की कुंभ राशि में मौजूदगी मिथुन राशि वालों के लिए लकी साबित होगी। करियर में अचानक ग्रोथ मिलेगी। विदेश या मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोग तगड़ा मुनाफा कमाएंगे। बिजनेस में बड़े कॉन्ट्रैक्ट के मिलने की संभावना दिख रही है। मीडिया, मार्केटिंग, ऑनलाइन वर्क, शिक्षा क्षेत्र वालों को राहु नए साल में अपार सफलता दिलाएगा।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों के लिए राहु की कुंभ राशि में मौजूदगी लकी साबित होगी। आप इस दौरान अच्छा कमाई करने में कामयाब रहेंगे। निवेश से बड़ा लाभ कमाने में सफल रहेंगे। रिलेशनशिप में पॉजिटिव बदलाव देखने को मिल सकते हैं। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। जो काम लंबे समय से अटका था वो तेजी से पूरा होने लगेगा। पार्टनरशिप के काम में सफलता मिलेगी।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों के लिए राहु का कुंभ में होना लकी साबित होगा। नए साल में नई नौकरी या प्रमोशन मिलने के शुभ संयोग बन रहे हैं। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। इस साल धनु राशि वाले अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

### सर्दियों में अक्सर लोग पानी पीना कम कर देते हैं

# सर्दियों के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आजमाएं ये तरीके

सर्दियों में अक्सर लोग पानी पीना कम कर देते हैं, जिसका शरीर पर बुरा असर हो सकता है। पानी की कमी से शरीर में रूखापन और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सर्दियों में भी शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। आइए कुछ आसान तरीके जानते हैं, जिनसे सर्दियों में शरीर को हाइड्रेट रखना संभव है।



### गर्म पानी का सेवन करें

गर्म पानी का सेवन सर्दियों में शरीर को हाइड्रेट रखने का एक सरल उपाय है। यह न केवल शरीर को ठंड से बचाता है, बल्कि पाचन को भी सुधारता है। सुबह-सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर की सफाई होती है और अनावश्यक तत्व बाहर निकलते हैं। यह त्वचा को नमी देता है और इसे चमकदार बनाता है। आप चाहें तो गर्म पानी में नींबू या अदरक भी मिला सकते हैं।

### फलों का रस पिएं

फलों का रस स्वादिष्ट होने के साथ-साथ विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में सहायक होते हैं। संतरा, अनार या सेब जैसे फलों का रस पीने से शरीर को जरूरी पोषण मिलता है और यह ताजगी देता है। इन फलों का रस पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है और आप सर्दियों की बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। प्राकृतिक मिठास होने के कारण यह ऊर्जा भी प्रदान करता है।

### सूप का सेवन करें

सूप एक पौष्टिक पेय है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ गर्माहट भी देता है। सब्जियों, दाल का सूप पीने से शरीर को जरूरी पोषण मिलता है और यह पाचन को भी सुधारता है। सूप में मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देते हैं और सर्दियों की बीमारियों से बचाते हैं। यह पेट को भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आप अधिक खाने से बचते हैं और स्वस्थ रहते हैं।

### नारियल पानी पिएं

नारियल पानी एक प्राकृतिक पेय है, जो खनिज तत्वों से भरपूर होता है और शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। यह पेट को ठंडक देता है और शरीर में ऊर्जा बनाए रखता है। नारियल पानी पीने से थकान दूर होती है और त्वचा को नमी मिलती है, जिससे वह चमकदार बनती है। इसमें मौजूद प्राकृतिक पोषक तत्व शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं।

### दूध या छाछ पिएं

दूध या छाछ जैसे डेयरी उत्पाद भी सर्दियों में हाइड्रेशन के लिए अच्छे विकल्प हो सकते हैं। इनमें कैल्शियम समेत कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इनका सेवन करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है, जिससे आप अधिक खाने से बचते हैं और स्वस्थ रहते हैं। इन पेय पदार्थों का नियमित सेवन करने से आप सर्दियों में भी ताजगी महसूस करेंगे और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहेगी।



## स्वादिष्ट, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर सुपरफूड गुड़ से बना आंवले का मुरब्बा

सर्दी का मौसम आते ही शरीर को अतिरिक्त पोषण और इम्युनिटी की जरूरत होती है। इस मौसम में अगर आप अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहते हैं, तो डाइट में आंवले का मुरब्बा शामिल करना एक बेहतरीन विकल्प है। गुड़ से बना आंवले का मुरब्बा न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर एक हेल्दी सुपरफूड है।

### आंवले का मुरब्बा क्यों है खास?

आंवला भारतीय सुपरफूड माना जाता है। इसमें विटामिन-सी, आयरन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की प्रचुर मात्रा होती है। गुड़ के साथ मिलकर यह सेहत के लिए और भी फायदेमंद बन जाता है।

**इम्युनिटी को बनाता है मजबूत** : आंवला विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। नियमित सेवन से सर्दी, खांसी और वायरल इंफेक्शन से बचाव होता है। खून की कमी को दूर करता है। गुड़ में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो आंवले के साथ मिलकर शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाता है और एनीमिया से बचाता है।



**त्वचा और बालों के लिए लाभदायक** : आंवले में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी त्वचा को ग्लोइंग बनाते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं। यह बालों को झड़ने से रोकता है और समय से पहले सफेद होने की समस्या को भी कम करता है।

**आंखों की बढ़ाता है रोशनी** : आंवले में मौजूद कैरोटीन आंखों की रोशनी को बढ़ाता है और आंखों से जुड़ी परेशानियों से बचाने में सहायक होता है। पाचन क्रिया को सुधारता है। आंवले का मुरब्बा पाचन शक्ति को दुरुस्त करता है। यह पेट के एसिड को बैलेंस करता है और गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

### गुड़ वाला आंवला मुरब्बा बनाने की आसान रेसिपी

आवश्यक सामग्रीः आंवला – 500 ग्राम। गुड़ – 750 से 800 ग्राम। पानी – 1 कप। काला नमक – छोटा चम्मच।

**विधिः** आंवले को अच्छी तरह धोकर फोर्क से हल्के छेद कर लें। पानी गरम करें और आंवले को 10–15 मिनट तक उबालें ताकि वे नरम हो जाएं। एक कड़ाही में गुड़ और पानी डालकर धीमी आंच पर पिघलाएं। गुड़ की चाशनी बनने पर उसे छलनी से छान लें ताकि सारी गंदगी निकल जाए। अब इस चाशनी में उबले आंवले डालकर धीमी आंच पर 45 मिनट से 1 घंटे तक पकाएं। जब चाशनी गाढ़ी हो जाए, तो गैस बंद करने से पहले थोड़ा काला नमक मिलाएं। ठंडा होने पर इसे साफ कांच के जार में भरकर रखें।

## मूंगफली की चिक्की बाजार से खरीदने की बजाय बनाएं घर पर

मूंगफली की चिक्की एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जिसे खासकर सर्दियों में बनाया जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। मूंगफली में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी होते हैं।

इस लेख में हम आपको मूंगफली की चिक्की बनाने की आसान रेसिपी बताएंगे, जिससे आप घर पर ही इस स्वादिष्ट मिठाई का आनंद ले सकते हैं।



**मूंगफली को भूनें** : सबसे पहले एक कढ़ाई में मूंगफली को भूनें। इसके लिए मूंगफली को अच्छे से धोकर एक सूती कपड़े से पोंछ लें। अब एक कढ़ाई में मध्यम आंच पर मूंगफली डालकर लगातार चलाते हुए हल्का सुनहरा होने तक भूनें। ध्यान रखें कि मूंगफली जल न जाएं, इससे उसका स्वाद खराब हो सकता है। भुनी हुई मूंगफली को एक प्लेट में निकालकर ठंडा होने दें।

**गुड़ की चाशनी बनाएं** : गुड़ की चाशनी बनाने के लिए एक पैन में गुड़ और थोड़ा पानी डालें। इसे मध्यम आंच पर पकाएं जब तक कि गुड़ पूरी तरह से घुल न जाए और उसकी चाशनी तैयार न हो जाए। आप चाशनी की स्थिरता जांचने के लिए एक पानी की बूंद लें और उसे ठंडा करके देखें कि वह चिपचिपा हो रही है या नहीं। सही स्थिरता पाने के बाद चाशनी को गैस से उतार लें।

**मूंगफली और गुड़ मिलाएं** : जब गुड़ की चाशनी तैयार हो जाए तो उसमें भुनी हुई मूंगफली डालकर अच्छी तरह मिलाएं ताकि सभी मूंगफली पर चाशनी चिपकी रहे।

इस मिश्रण को कुछ मिनट तक लगातार चलाते रहें ताकि वह अच्छी तरह से मिल जाए। मिश्रण को तब तक पकाते रहें जब तक कि वह गाढ़ा और गाढ़ा न हो जाए। ध्यान रखें कि मिश्रण जल न जाए, इसलिए मध्यम आंच पर ही पकाएं।

**चिक्की को जमाएं** : अब एक चिकनाई लगी थाली या ट्रे लें और उसमें मूंगफली वाला मिश्रण डालकर फैलाएं ताकि उसका स्तर समान हो। मिश्रण को ठंडा होने दें ताकि वह जम जाए। जब मिश्रण पूरी तरह से ठंडा हो जाए तो उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। आपकी स्वादिष्ट मूंगफली की चिक्की तैयार है। इसे आप एयरटाइट डिब्बे में रखकर कई दिनों तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सर्दियों में घर पर ही आसानी से बनाएं गुड़ के लड्डू, स्वादिष्ट होने के साथ सेहतमंद भी

सर्दियों में कई ऐसे मौसमी फल और सब्जियां बाजार में मिलते हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

इनका इस्तेमाल कई तरह के पकवान और मिठाइयां बनाने के लिए किया जा सकता है, खासकर, लड्डू तो सर्दियों के दौरान हर घर में बनाए जाते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी गुड़ के लड्डू की रेसिपी बताते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी हैं।

**गुड़ और मूंगफली के लड्डू** : गुड़ और मूंगफली के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले मूंगफली को भूनकर उसका छिलका निकाल दें, फिर इसे मिक्सी में दरदरा पीसें। अब एक कढ़ाई में गुड़ और पानी को मिलाकर गर्म करें और जब यह एक तार की चाशनी बना ले तो इसमें भुनी मूंगफली डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद थोड़े से मिश्रण को घी से चुपड़े हाथों में लेकर गोल आकार दें। ऐसे ही पूरे मिश्रण से लड्डू बना लें।

**गुड़ और बादाम के लड्डू** : सबसे पहले एक पैन में गुड़ और पानी को डालकर गर्म करें और जब गुड़ पिघल जाए तो इसमें भुने हुए बादाम डालें। अब इसमें इलायची पाउडर और थोड़ा घी मिलाकर इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। इसके



बाद मिश्रण को एक थाली में निकालकर ठंडा होने दें और फिर छोटे-छोटे लड्डू बनाकर खाएं। यह लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं।

**गुड़ और सूखे मेवे के लड्डू** : सबसे पहले एक पैन में सूखे मेवे जैसे बादाम, काजू, किशमिश, छुआरे, अंजीर आदि को भून लें। अब एक कढ़ाई में गुड़ और पानी को मिलाकर गर्म करें और जब यह एक तार की चाशनी बना ले तो इसमें भुने सूखे मेवे डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद थोड़े से मिश्रण को घी से चुपड़े हाथों में लेकर गोल आकार दें। ऐसे ही पूरे मिश्रण से लड्डू बना लें।

**गुड़ और नारियल के लड्डू** : गुड़ और नारियल के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले गुड़ को पानी में घोलें, फिर इसमें कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल मिलाएं। अब इसमें इलायची पाउडर और थोड़ा घी मिलाकर इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए।

कार्नर न्यूज

### न केवल त्वचा को पोषण देते हैं, बल्कि इसे अंदर से भी मजबूत बनाते हैं

# महंगे सौंदर्य उत्पादों की बजाय खाएं ऐसी चीजें, त्वचा रहेगी कोमल और स्वस्थ

सौंदर्य उत्पादों में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को कोमल और स्वस्थ रखने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी तुलना प्राकृतिक खाद्य पदार्थों से नहीं की जा सकती है। ये खाद्य पदार्थ न केवल त्वचा को पोषण देते हैं, बल्कि इसे अंदर से भी मजबूत बनाते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जो त्वचा की प्राकृतिक चमक को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।



### कीवी

कीवी एक ऐसा फल है, जिसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है, जो त्वचा को मजबूत बनाने वाले तत्व को बढ़ावा देती है। यह तत्व त्वचा की लोच को बनाए रखने में मदद करता है। यह फल न केवल त्वचा को नमी प्रदान करता है, बल्कि इसे स्वस्थ और चमकदार भी बनाता है। इसके अलावा कीवी में मौजूद प्राकृतिक तत्व भी त्वचा को हानिकारक प्रभावों से बचाते हैं, जिससे आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखती है।

### अमरूद

अमरूद में विटामिन-सी और प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और इसे हानिकारक प्रभावों से बचाते हैं। इसका नियमित सेवन त्वचा की मरम्मत करता है और इसे निखारता है। अमरूद में मौजूद प्राकृतिक तत्व त्वचा की कोशिकाओं को फिर से सक्रिय करते हैं, जिससे त्वचा कोमल और युवा दिखती है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-सी त्वचा की लोच को बढ़ाता है, जिससे यह स्वस्थ और चमकदार दिखती है।

### पपीता

पपीता एक ऐसा फल है, जो खास तत्व से भरपूर होता है। यह तत्व मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देता है। पपीते का नियमित सेवन या उसका फेस मास्क आपकी त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है। इसके अलावा पपीते में मौजूद प्राकृतिक तत्व और विटामिन्स त्वचा की मरम्मत करते हैं, जिससे आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखती है।



### अनार

अनार में खास तत्व होता है, जो त्वचा की सूजन को कम करता है और इसे स्वस्थ रखता है। अनार का जूस या बीज का तेल भी त्वचा की मरम्मत करता है और इसे निखारता है। इसके अलावा इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व और विटामिन्स त्वचा की कोशिकाओं को फिर से सक्रिय करते हैं, जिससे त्वचा कोमल और युवा दिखती है।

### काजू

काजू में कुछ खनिज होते हैं, जो त्वचा की मरम्मत करने में मदद करते हैं और इसे स्वस्थ रखते हैं। इन खनिजों का नियमित सेवन या इन्हें स्क्रब के रूप में इस्तेमाल करने से त्वचा की लोच बढ़ती है, जिससे यह युवा दिखती है। काजू में मौजूद प्राकृतिक तत्व भी त्वचा को हानिकारक प्रभावों से बचाते हैं, जिससे आपकी त्वचा कोमल और चमकदार दिखती है। इन फलों और मेवों का नियमित सेवन आपकी त्वचा को अंदर से मजबूत बनाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स की फिल्म को लोग बता रहे अल्टीमेट, कहा- ये अकल्पनीय



'अवतारः फायर एंड ऐश' सिनेमाघरों में 19 दिसंबर को रिलीज होगी। लेकिन, अमेरिका में हुए प्रीव्यू शो के बाद इसके फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं। विदेशी मीडिया के फिल्म समीक्षकों ने जेम्स कैमरून की इस फिल्म को अद्भुत, अकल्पनीय बताया है। फिल्म क्रिटिक कोर्टनी हॉवर्ड ने एक्स पर 'अवतारः फायर एंड ऐश' की तारीफ करते हुए लिखा है, 'यह फिल्म हमें याद दिलाती है कि मूवी थिएटर किसलिए बनाए गए थे। अद्भुत।' उन्होंने आगे तारीफ में कहा है, 'तीन फिल्में करने के बाद भी, जेम्स कैमरून में अभी भी दम है। यह जबरदस्त और शानदार फिल्म है, जो आप पर इमोशनली भी असरदार है। एक शानदार कहानी। हर तरह से दमदार, शानदार और जबरदस्त। इसे देखते हुए लगता है कि मूवी थिएटर्स ऐसी फिल्मों के लिए ही बनाए गए थे।' एक अन्य समीक्षक क्रिटिक शॉन ताजीपोर ने भी तारीफ करते हुए लिखा है, 'फायर एंड ऐश, जेम्स कैमरून ने हर फ्रेम के साथ अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाया है। मैं 'अवतार' का सबसे बड़ा सुपरफैन नहीं हूं, लेकिन 'अवतारः फायर एंड ऐश' साबित करता है कि कैमरून हमेशा सबसे बेहतरीन सिनेमैटिक फिल्म दे सकते हैं और देंगे। विजुअल्स और इमोशन को उन्होंने नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। एक सच्ची ब्लॉकबस्टर मूवी।' इसी तरह 'कोलाइडर' के पेरी नेमिरॉफ ने लिखा, 'मैं अभी भी इस बात से हैरान हूं कि 'अवतार' फिल्में कितनी जादुई हैं।

### टॉलीवुड

## वर्षों बाद ममूटी और मोहनलाल बड़े पर्दे पर एक साथ आएंगे नजर



मलयालम के एक्टर मोहनलाल और ममूटी वर्षों से एक दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक साथ फिल्म 'पैट्रियट' में काम करने वाले हैं। कई वर्षों के बाद बड़े पर्दे पर दोनों एक साथ वापसी करेंगे। ऐसे में फिल्म के सेट पर ममूटी ने मोहनलाल को सम्मानित किया है। ममूटी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि ममूटी एक बेहतरीन शॉल मोहनलाला के ऊपर डाल रहे हैं। इस दौरान सेट पर फिल्म के कई कलाकार मौजूद हैं। ममूटी ने मोहनलाल को यह सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार जीतने की वजह से दिया। मोहनलाल को इंडियन सिनेमा में योगदान देने के लिए हाल ही में साल 2003 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया है। एक्टर को पुरस्कार मिलने पर ममूटी ने मोहनलाल को शुभाकामनाएं दी थी। ममूटी ने एक्स पर लिखा था 'एक साथी से ज्यादा, एक भाई और एक कलाकार जो दशकों से सिनेमाई सफर पर है। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार सिर्फ एक एक्टर के लिए नहीं, बल्कि एक ऐसे कलाकार के लिए है जिसने सिनेमा को जिया है। फख्र महसूस हो रहा है और आपके लिए खुश हूं। आप इस ताज के हकदार हैं।' फिल्म 'पैट्रियट' का निर्देशन महेश नारायणन कर रहे हैं। यह एक पॉलिटिकल जासूसी थ्रिलर फिल्म है। इसमें जासूसी, एक्शन और देशभक्ति का मिश्रण देखने को मिलेगा। इसके निर्माता एंटो जोसेफ हैं। इसमें कुंचाको बोबन, फहाद फासिल, नयनतारा और रेवती जैसे शानदार कलाकार होंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने कथावाचक इंद्रेश से शादी में शामिल न हो पाने पर मांगी माफी



लोकप्रिय कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने शिप्रा शर्मा के साथ रीति-रिवाज के साथ विवाह किया है। उनकी भव्य शादी का आयोजन जयपुर में हुआ, जहां कई चर्चित चेहरे शामिल हुए। बागेश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र शास्त्री से लेकर देवकीनंदन ठाकुर और अनिरुद्धाचार्य सहित कई कथावाचक विवाह समारोह में पहुंचे। सोशल मीडिया पर नवविवाहित जोड़ी की शादी की तस्वीरें-वीडियो वायरल हो रही हैं। इस बीच भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने इंद्रेश उपाध्याय से माफी मांगी है। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित सिंगर-एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर इंद्रेश उपाध्याय व शिप्रा शर्मा के विवाह का एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने शादी की शुभकामनाएं दी हैं। अक्षरा ने लिखा है, 'प्यारे भैया भाभी को शादी की हार्दिक शुभकामनाएं। और माफी ना आ पाने के लिए। भाभी से मिलने जल्द आ रही हूं'। इंद्रेश उपाध्याय का विवाह समारोह जयपुर के फाइव स्टार होटल ताज आमेर में आयोजित हुआ। इंद्रेश उपाध्याय और शिप्रा शर्मा का वैदिक विवाह हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक 100 पंडितों ने दोनों की शादी कराई। विवाह के बाद आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआ। इंद्रेश, मशहूर कथावचक कृष्णचंद शास्त्री ठाकुर के बेटे हैं। अक्षरा सिंह शादी समारोह में क्यों नहीं जा पाईं इसका कारण तो उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है। मगर, उन्होंने इंद्रेश उपाध्याय की दुल्हन से जल्द मुलाकात का वादा जरूर किया है। हालांकि, अक्षरा के इंस्टाग्राम पोस्ट से यह जरूर मालूम चलता है कि बीते कुछ दिनों वे खुद अपनी एक करीबी दोस्त के शादी समारोह में उपस्थित रहीं। इसकी झलकियां भी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं।

## लाइफ स्टाइल

### खूबसूरती से सबका जीत रही दिल

सिमर भाटिया अपनी खूबसूरती से सबका दिल जीत रही हैं। फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में अपने स्टाइल से सारी लाइमलाइट भी लूट ले गईं। इस इवेंट के लिए फ्लोरल पैटर्न वाली इजी-ब्रीजी ड्रेस को चुना, जो न सिर्फ उन्हें क्लासी लुक दे रही, बल्कि सिंपल और एलिगेंट भी लग रही है।



## शादी के सीजन में इन लिपस्टिक शेड्स को बनाएं अपने लुक का हिस्सा

शादी का सीजन आते ही हर लड़की की चाह होती है कि वह सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए मेकअप बहुत जरूरी होता है, खासकर लिपस्टिक का चयन। सही लिपस्टिक शेड न केवल आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ाता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताते हैं, जो शादी के सीजन में हर लड़की को शानदार दिखा सकते हैं।

**ग्लॉसी पिंक :** ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड्स हमेशा से ही पसंद किए जाते रहे हैं। यह शेड न केवल आपके होंठों को चमकदार बनाता है, बल्कि आपके चेहरे पर भी ताजगी लाता है, खासतौर पर जब आप पारंपरिक सफेद या हल्के रंग की साड़ी पहनती हैं तो यह शेड आपके लुक को पूरा करता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी खूबसूरत दिखती हैं।

**डीप रेड :** डीप रेड लिपस्टिक शेड्स हमेशा से ही शादी जैसे खास मौकों के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है। यह न केवल आपके होंठों को आकर्षक बनाता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी शाही अंदाज देता है, खासकर जब आप लाल या गहरे रंग की लहंगा-चोली पहनती हैं तो यह आपके लुक को और भी खास बना देता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।



### प्लम शेड लिपस्टिक

प्लम शेड की लिपस्टिक भी इस मौसम का हिस्सा बन चुकी है। यह शेड न केवल आपके होंठों को खूबसूरत बनाता है, बल्कि आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, खासकर जब आप गहरे शेड की ड्रेस पहनती हैं तो यह रंग आपके लुक को और भी खास बना देता है।
इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी संतुलित करता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।

### ब्राउन शेड

अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक प्राकृतिक और सादा रहे तो ब्राउन शेड आपके लिए सही रहेंगे। यह न केवल आरामदायक लगता है बल्कि हर प्रकार की ड्रेस के साथ मेल खाता है, खासकर जब आप हल्के रंग की ड्रेस पहनती हैं तो यह शेड आपके लुक को पूरा करता है और आपको एक नया अंदाज देता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।

## अपनी पसंदीदा ढीली पैंट्स को स्टाइलिश बनाने आजमाएं ये तरीके

फैशन



ढीली पैंट्स न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये पैंट्स हर मौके पर पहने जा सकते हैं, चाहे वह ऑफिस हो या पार्टी। सही तरीके से इन्हें पहनने पर आपका लुक और भी खास लग सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी ढीली पैंट्स को और भी ज्यादा फैशनेबल बना सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।

**टी-शर्ट के साथ करें पहनावा :** ढीली पैंट्स के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा रंग या प्रिंट वाली टी-शर्ट चुन सकते हैं, जो आपके पैंट्स के रंग से मेल खाती हो। इससे आपका लुक सरल और आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप टी-शर्ट को थोड़ा बाहर निकालकर पहन सकते हैं ताकि आपके लुक में थोड़ा सा ट्विस्ट आए। यह स्टाइल न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है।

**जैकेट या कोट का करें चयन :** अगर आप अपने ढीली पैंट्स को थोड़ा फॉर्मल टच देना चाहते हैं तो एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट या कोट का चयन कर सकते हैं। यह आपके लुक को पेशेवर और स्टाइलिश बनाता है। आप कोट को पैंट्स के साथ मैच करके या विपरीत रंग लेकर एक खास स्टाइल बना सकते हैं। इसके अलावा आप इसे किसी भी अवसर पर पहन सकते हैं, चाहे वह ऑफिस हो या किसी पार्टी में जाना हो।

**बेल्ट का करें इस्तेमाल :** बेल्ट का उपयोग करके आप अपने ढीली पैंट्स को और भी स्टाइलिश बना सकते हैं। एक मोटी बेल्ट आपके लुक को खास बना सकती है और आपकी कमर को उभारती है। इसके अलावा बेल्ट आपके पैंट्स को सही जगह पर रखती है, जिससे आपका लुक व्यवस्थित दिखता है। आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों की बेल्ट चुन सकते हैं, जो आपके पैंट्स के साथ अच्छी तरह मेल खाती हो।



**जूतों पर दें ध्यान :** जूते आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं, इसलिए इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ढीली पैंट्स के साथ फ्लैट्स या आरामदायक जूते किसी भी प्रकार के जूते अच्छे लगते हैं। अगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में आरामदायक रहना चाहती हैं तो फ्लैट्स सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है, वहीं पार्टी या खास मौकों पर ऊंची एड़ी वाले जूते आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं।

## बूट्स आरामदायक होने के साथ ही लुक को भी बनाते हैं खास, खरीदते समय रखें खास ध्यान

सर्दियों में बूट्स पहनना एक अच्छा विकल्प है क्योंकि ये आपके पैरों को गर्म रखते हैं और ठंड से बचाते हैं। हालांकि, बूट्स खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि वे न केवल आरामदायक हों, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाएं। इस लेख में हम आपको बूट्स खरीदते समय ध्यान रखने योग्य कुछ अहम बातें बताएंगे, जिससे आप सर्दियों में स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कर सकें।

### सही आकार चुनें

बूट्स खरीदते समय सबसे पहली बात जो ध्यान में रखनी चाहिए, वह है उनका आकार। आपके पैरों का माप और चौड़ाई दोनों ही अहम हैं। अगर बूट्स छोटे होंगे तो पैरों में दर्द हो सकता है और बड़े होंगे तो चलने में दिक्कत आएगी। इसलिए हमेशा अपने पैरों के माप के अनुसार ही बूट्स चुनें। इसके अलावा ऊँचाई भी मायने रखती है। अगर आप हील्स बूट्स ले रहे हैं तो उन्हें पहले पहनकर देखें।



### सामग्री पर ध्यान दें

बूट्स की सामग्री भी बहुत अहम होती है। लेदर, सूती या कृत्रिम कपड़े में से किसी एक का चयन करें, जो आपके लिए सबसे अच्छा हो। लेदर बूट्स लंबे समय तक चलते हैं और इन्हें साफ करना आसान होता है, जबकि सूती बूट्स अधिक आरामदायक होते हैं। कृत्रिम कपड़े सस्ते होते हैं लेकिन जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए अपनी जरूरत और बजट के अनुसार सामग्री का चयन करें ताकि बूट्स आपके लिए सबसे उपयुक्त हो।

**एड़ी का चयन सोच-समझकर करें :** अगर आप हील्स बूट्स खरीद रहे हैं तो उनकी आरामदायकता पर विशेष ध्यान दें। हाई हील्स पैरों में दर्द कर सकती हैं और चलने में दिक्कत पैदा कर सकती हैं इसलिए मध्यम ऊँचाई वाली एड़ी ही चुनें।

## ठंड के मौसम में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़े चुनना जरूरी

ठंड के मौसम में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़े चुनना जरूरी हो जाता है। इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आपको गर्माहट दें और ठंड से बचाएं। आलमारी में कुछ जरूरी चीजें होना अहम है ताकि आप हर मौके पर स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें। आइए आज हम आपको ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जो आपकी अलमारी में जरूर होनी चाहिए ताकि ठंड से आप सुरक्षित रह सकें।

**ऊनी स्वेटर :** ऊनी स्वेटर न केवल आपको गर्माहट देता है, बल्कि यह स्टाइलिश भी दिखता है। इसे आप जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। हल्के रंगों का चयन करें ताकि यह किसी भी कपड़े के साथ मेल खाए। ऊनी स्वेटर पहनकर आप ठंड के मौसम में आरामदायक महसूस करेंगी और साथ ही स्टाइलिश भी दिखेंगी। इसके अलावा ऊनी स्वेटर आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगा और आपको ठंड से सुरक्षित रखेगा।



**जैकेट और कोट :** जैकेट और कोट ठंड से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। मोटी और गर्म जैकेट चुनें, जो आपके कपड़ों के साथ अच्छी लगे। कोट लंबे होते हैं और ये आपके पूरे शरीर को गर्म रखते हैं। इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि ये आरामदायक हों और आसानी से पहनने-उतारने में भी आसान हों। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में जैकेट और कोट चुन सकती हैं, जो आपके स्टाइल को निखारेंगे और आपको ठंड से सुरक्षित रखेंगे।

**मफलर :** मफलर एक जरूरी चीज है, जो आपके गले को ठंड से बचाता है। इसे आप किसी भी कपड़े के साथ बांध सकती हैं। ऊनी या सूती मफलर चुनें, जो गर्माहट दें और आरामदायक भी हों। मफलर पहनकर न केवल आप ठंड से सुरक्षित रहेंगी, बल्कि आपका लुक भी खास लगेगा। इसके अलावा मफलर आपके स्टाइल को निखारने में मदद करेगा और आपको ठंड से बचाए रखेगा।

### कार्नर न्यूज

### 10 रु से ज्यादा का खर्चा नहीं, लगाने में भी आसान

## रोज 2 छोटी चम्मच हल्दी लगाने से चेहरे का हटेगा मैल, झलकेगा सौंदर्य, आएगा निखार

हम सभी स्किन केयर के नाम पार बाजार से जाकर महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स खरीदकर ले आते हैं। हालांकि, कई मामलों में ये प्रोडक्ट्स उतना काम नहीं करते हैं, जितना उन्हें करना चाहिए। आपको स्किन केयर करने के लिए बाजार वाले प्रोडक्ट्स में पैसे बहाने की जगह किचन में रखी हल्दी का उपयोग करें। आपको त्वचा की समस्याओं से छुटकारा दिला देंगी। हालांकि, आपको हल्दी में कुछ चीजों को अलग से मिलाना होगा। आइए इस बारे में विस्तार से जान लेते हैं।



### हल्दी और कॉफी


अगर आप चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो पाना चाहते हैं, तो हल्दी में कॉफी मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। बता दें कि ये कॉम्बिनेशन डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और कॉफी एक्सफोलिएट करती है। इससे चेहरा चमकाने में मदद मिलती है।

### हल्दी और बेसन

इस कॉम्बिनेशन को चेहरे पर लगाने से टैनिंग को नेचुरली कम करने में मदद मिलती है। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो शरीर में मेलेनिन प्रोडक्शन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे त्वचा में नेचुरल चमक आती है। वहीं, बेसन त्वचा पर जमी मैल की परत को निकालकर, टैनिंग कम करने में मदद करता है।

### हल्दी और मुलेठी पाउडर

बता दें कि हल्दी और मुलेठी पाउडर को मिलाकर लगाने से चेहरे की पिगमेंटेशन और एक्ने मार्क्स को हटाने में मदद मिलती है। इससे त्वचा की रंगत एक समान रहती है और त्वचा की सूजन को कम करने में मदद मिलती है। इस कॉम्बिनेशन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज त्वचा को नमी और पोषण देने का काम करती हैं। इससे त्वचा स्वस्थ और ग्लोइंग बनती है।



### हल्दी और चावल का आटा

चावल का आटा त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप हल्दी में चावल का आटा मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो गिलास स्किन पाने में मदद मिल सकती है। इससे चेहरे पर नेचुरल चमक दिखती है। हालांकि, आपको इस नुस्खे को नियम से इस्तेमाल करना होगा। आपको पहली बार में कोई अंतर नहीं दिखेगा।

### हल्दी और एलोवेरा

इसके लिए आपको एलोवेरा जेल में हल्दी को मिलाना है। बता दें कि ये कॉम्बिनेशन त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को निकालकर बाहर फेकने का काम करता है। इससे आपकी त्वचा में एक्ने की समस्या काम होती है और चेहरा भी कम चिपचिपा महसूस होता है।